51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 12.6°c | अधिकतम 26.5 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:20, सूर्यास्त : 6:32 | वर्ष : 51/ अंक : 80 | बृहस्पतिवार, 23 मार्च 2023 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, द्वितीया | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 | पृष्ठ-4

आज की अमृतवाणी

काश... इंसान भी नोटों की तरह होते, रोशनी की तरफ करके देख लेते असली है या नकली।

भाजपा के लोगों ने इन्वेस्टमेंट मीट के गमले चुरा लिए : अखिलेश यादव

ये सच है... या आप बदला ले रहे हो?.....

मां दुर्गा की दूसरी शक्ति
॥ ब्रह्मचारिणी ॥

दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

शेष : पृष्ठ-4 पर

दून से फरार युगल ने खाया जहर, प्रेमी की मौत

- प्रेमिका को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर भेजा, पुलिस में मचा हड़कंप
- नई मण्डी बाईपास हाईवे पर कार में बेहोशी की हालत में मिला युगल
- उपचार के दौरान युवक की मौत, नाजुक हालत में युवती रैफर
- मरने वाला प्रेमी बताया गया है दो बच्चों का पिता
- लड़की के पिता ने दर्ज करा रखी है गुमशुदगी

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। प्रेमियों के कत्लगाह के रूप में मशहूर मुजफ्फरनगर में देहरादून से फरार युगल ने अपनी प्रेम कहानी परवान न चढ़ते देख जहर खा लिया। प्रेमी की तो अस्पताल में मौत हो गई, जबकि प्रेमिका जिन्दगी और मौत से जू-ा रही है। यह युगल नई मण्डी बाईपास हाईवे पर कार में बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ मिला। युवती के पिता ने दून के डालनवाला थाने में युवक पर शक जताते हुए गुमशुदगी दर्ज करा रखी है। घटना की सूचना पर दोनों के परिजन रोते-बिलखते यहां पहुंच गये हैं। प्रेमी पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों का बाप बताया गया है।

नई मण्डी कोतवाली की बीबीपुर चौकी पुलिस को बुधवार पूर्वान्ह में सूचना मिली कि दिल्ली-देहरादून हाईवे के किनारे स्विफ्ट डिजायर कार में एक लड़का और लड़की बेहोशी की हालत में पड़े हुए हैं। कार के अंदर से बदबू भी आ रही है। पुलिस ने लोगों

की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई, जबकि युवती को गंभीर हालत में हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक मरने वाले युवक की पहचान अमनदीप जायसवाल पुत्र राकेश कुमार

निवासी एमडीडीए कालोनी देहरादून के रूप में हुई है, जबकि जिंदगी की जंग लड़ रही युवती पल्लवी पुत्री रमेश निवासी इंद्रेश नगर देहरादून की रहने वाली है। पुलिस के मुताबिक अमनदीप शादीशुदा होने के साथ दो बच्चों का पिता था, वह देहरादून में फाइनेंस के साथ एक मोबाइल की दुकान पर काम करता था। अमनदीप और पल्लवी के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों 20 मार्च को अपनी नई दुनिया बसाने के इरादे से घर से निकले थे। पुलिस मानकर चल रही है कि देहरादून से मुजफ्फरनगर पहुंचते ही दोनों को अपना प्रेम परवान न चढ़ने का अहसास हो गया था, तभी उन्होंने अपनी जीवनलीला समाप्त करने का फैसला किया। प्रेमी तो अपने इरादे में कामयाब हो गया, जबकि प्रेमिका मौत से जू-ा रही है। कार से वो जहरीला पदार्थ भी पुलिस को मिला है, जिसका सेवन इस युगल द्वारा करने की बात कही जा रही है। यह भी पता चला है कि पल्लवी भी किसी फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। 20 मार्च को शाम चार बजे पल्लवी कंपनी से घर के लिए निकली थी, लेकिन वो रास्ते में गायब हो गई। पल्लवी के पिता रमेश ने 21 मार्च को डालनवाला थाना देहरादून में अपनी बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। साथ ही अमनदीप जायसवाल पर उसे बहला फुसलाकर ले जाने का संदेह व्यक्त किया था। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत का कहना है कि बुधवार को नई मण्डी पुलिस को सूचना मिली थी कि हाईवे पर खड़ी कार में महिला और पुरुष बेहोश पड़े हैं, इसके बाद पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया, उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। पता चला है कि इस प्रकरण में देहरादून में मुकदमा दर्ज है, मामले में परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। बाद में दोनों के परिजन देहरादून से रोते-बिलखते जिला मुख्यालय पहुंचे। पुलिस ने मृतक प्रेमी के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है, वहीं हायर सेंटर रैफर युवती की हालत भी नाजुक बताई गई है। पुलिस ने युवती के मजिस्ट्रेटी बयान भी दर्ज कराये हैं।

दिल्ली में फिर भूकंप के झटके

नई दिल्ली। दिल्ली में 19 घंटे बाद बुधवार को फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.7 मापी गई। शाम करीब 5 बजकर 20 मिनट पर झटके महसूस किए गए। इससे पहले भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में मंगलवार देर रात 10.20 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.6 मापी गई थी।

सड़क हादसों में सब्जी विक्रेता सहित दो की मौत

- सब्जी बेचकर लौटते वृद्ध की सड़क हादसे में मौत
- बसेड़ा-देवबंद मार्ग पर युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। छपार थाना क्षेत्र में हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। इसके अलावा बसेड़ा देवबंद मार्ग पर भी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया और परीक्षण के लिये भेज दिया। एक अन्य हादसे में मंसूरपुर क्षेत्र में हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों मामलों की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है।

छपार थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में छपार निवासी छपार निवासी जमशेद ने बताया कि उसके पिता 60 वर्षीय नफीस पुत्र लतीफ सब्जी विक्रेता थे। 21 मार्च की देर शाम उसे पिता गांव परई में सब्जी बेचकर वापस अपने घर लोट रहे थे। हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उसके पिता को चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। एक अन्य हादसा छपार थाना क्षेत्र में बसेड़ा देवबन्द मार्ग पर हुआ, जिसमें अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराने के प्रयास किये, तो मृतक की पहचान देवबन्द के पठानपुरा निवासी 35 वर्षीय इमरान पुत्र नवाब के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दी और पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिये भेज दिया।एक अन्य सड़क हादसा मंसूरपुर क्षेत्र में हुआ, जिसमें दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मेरठ के मोहल्ला पुरानी मोहनपुरी निवासी सुदेश कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह ने बताया कि उसके पिता अपने भाई भोपाल सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में अभीपुरा गांव में गए थे। वहां से वापस लौटते समय तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता व चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को चिकित्सालय ले जाया गया, जहां नाजुक हालत के चलते उन्हें रेफर कर दिया गया।

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

मुजफ्फरनगर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में संधावली ओवर ब्रिज के नीचे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराई और पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिये भेज दिया।पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र में संधावली ओवर ब्रिज के पास ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराई, तो मृतक पहचान शहर कोतवाली क्षेत्र के बकरा मार्केट निवासी 29 वर्षीया बिलाल पुत्र वसीम के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि बिलाल कुछ समय पूर्व तक दुबई में नौकरी करता था, जहां से वह वापस स्वदेश लौट आया था और वर्तमान में औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी कर रहा था। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिये भेज दिया है।

पीएम मोदी ने दिए मास्क और ऐहतियात के निर्देश

- कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच उच्चस्तरीय बैठक में की हालात व तैयारियों की समीक्षा

नई दिल्ली, 22 मार्च (एजेंसी)। देश में बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी बुधवार को अहम बैठक की। इस दौरान देश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा की गई। जानकारी के मुताबहिक, कोरोना के मामलों में तेजी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हालात और सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा के लिए यह उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। उन्होंने मास्क पहनने और बचाव के हर संभव उपाय करने को कहा।

पीएमओ की ओर से बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कोविड-19 और इन्फ्लुएंजा की स्थिति का आकलन करने के लिए आज एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को नामित आईएनएसएसीओजी जीनोम अनुक्रमण प्रयोगशालाओं के साथ सकारात्मक नमूनों के संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण को बढ़ाने का निर्देश दिया। इस कदम से नए वेरिएंट, यदि कोई हो की ट्रैकिंग और उस पर समय रहते प्रतिक्रिया देने में मदद करेगी। पीएम ने रोगियों, स्वास्थ्य पेशेवरों और स्वास्थ्य कार्यकताओं के अस्पताल परिसर में मास्क पहनने सहित कोविड से बचाव के उचित व्यवहार पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जब वरिष्ठ नागरिक और सह-रुग्णता वाले लोग भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में जाते हैं तो उन्हें मास्क पहनने की सलाह दी जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कोविड-19 महामारी अभी खत्म नहीं हुई है और नियमित आधार पर देश भर में स्थिति की निगरानी करने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट-टीकाकरण और कोविड उपयुक्त व्यवहार की 5 फोल्ड की रणनीति पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखने, सभी गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी (एसएआरआई) मामलों की प्रयोगशाला निगरानी और परीक्षण को बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे अस्पताल सभी जरूरतों के लिए तैयार हैं। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को अपडेट किए गए आंकड़ों से पता चला कि भारत में 1134 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए। मौजूदा वक्त में 7,026 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इस दौरान पांच लोगों की मौत भी हुई। छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र में एक-एक मौत की खबर है। इसके अलावा एक कोरोना संक्रमित की जान केरल में गई। मंत्रालय ने महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक राज्यों में कोविड-19 मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में सरकार से फाइव फोल्ड स्ट्रैटेजी के तहत हालात पर नजर रखने और जरूरी उपाय करने को कहा है।

केरल में कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। इसके बाद राज्य सरकार ने बुधवार को सभी जिलों में अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि राज्य में मंगलवार को 172 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। तिरुवनंतपुरम और एनार्कुलम जिलों में वायरस के मामले अधिक हैं। राज्य में फिलहाल 1,026 सक्रिय मामले हैं, इनमें 111 लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सभी जिलों को अलर्ट कर दिया गया है। जिलों को निगरानी मजबूत करने का भी निर्देश दिया गया है।

कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ चैत्र नवरात्र महापर्व

- घरों से मंदिरों तक गुंजायमान होते रहे माता रानी के जयकारें
- माता रानी की पूजा व दर्शनों को लगा श्रद्धालुओं का तांता

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। देश-प्रदेश के साथ जनपद मुख्यालय व गांव-देहात में चैत्र नवरात्र महापर्व के साथ नववर्ष का सनातन संस्कृति से जुड़े तमाम लोगों ने पूजा-अर्चना के साथ में स्वागत किया गया। वहीं जैन धर्म, आर्य समाज और धर्मावलंबियों ने भी अपने अपने मतानुसार नव संवत्सर का स्वागत किया। जिले में बुधवार 22 मार्च से 28 मार्च तक आयोजित होने वाले नवरात्र महोत्सव के बीच घरों से मंदिरों तक हर ओर मां दुर्गा की पूजा व कलश स्थापना के साथ नवरात्र महापर्व का आगाज हो गया। इस दौरान नगर और गांव-देहात के मंदिरों में रंग बिरंगी रोशनी में नहा उठा। नवरात्र महोत्सव की कड़ी में नगर के गांधी कालोनी, नदी घाट समेत अधिकांश मंदिरों में इस बीच माता रानी की पूजा के साथ दर्शनों को भारी भीड़ उमड़ी रही। इस बीच घरों से मंदिरों तक हर ओर मां दुर्गा का गुणगान शुरू हो गया।

मुजफ्फरनगर में चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना व कलश स्थापना के साथ मंदिरों से घरों तक मां दुर्गा का गुणगान प्रारंभ हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला, पुरुषों के साथ बुर्जुगों ने उपवास रख मां शैल पुत्री की पूजा अर्चना की। बुधवार सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नवरात्र महोत्सव की इस कड़ी में नगर के गांधी कालोनी स्थित श्री वैष्णो देवी मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, नदी रोड स्थित श्री सिद्धपीठ देवी मंदिर समेत नगर व गांव-देहात के अधिकांश मंदिरों में अलसुबह से ही मां दुर्गा के भक्तों का तांता लग गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, फल और फूल आदि का प्रसाद चढ़ाते हुए घर परिवार की सुख-समृद्धि की मंगल कामना के साथ मन्नतें मांगी। श्री वैष्णो देवी मंदिर गांधी कालोनी में इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे। यहां पर भक्तों ने माता के दर्शन कर मत्था टेका। नवरात्र महापर्व को लेकर घरों से मंदिरों तक हर ओर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस बीच मंदिरों व घरों में बनाए पूजा स्थलों को फूल और मालाओं से सजाया गया। वहीं माता रानी का विशेष श्रृंगार किया गया। नई मंडी भरतिया कालोनी स्थित श्री शिव शक्ति मंदिर में नवरात्रि महोत्सव प्रारंभ हो गया।

इस बीच मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं दूसरी ओर नवरात्र महापर्व पर गांधी कालोनी का श्री वैष्णो देवी मंदिर भक्तों की आस्था का केन्द्र बना रहा, जहां लगातार श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। मान्यता है कि श्री वैष्णो देवी मंदिर पर दिल से मांगी गई हर मुराद माता रानी पूरी करती है। श्री वैष्णो देवी मंदिर की महिमा निराली है। मंदिर में सच्चे मन से आने वालों पर मां दुर्गा रानी की अनुकंपा बरसती है। नवरात्र में श्रद्धालुओं का सैलाब मंदिर में उमड़ता है। नवरात्रों में मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस दौरान मंदिर के बाहर मेला का आयोजन किया जाता है। गांधी कालोनी का श्री वैष्णो देवी मंदिर भक्तों की आस्था का केन्द्र है, जहां आसपास से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

युवती का अपहरण, रिपोर्ट दर्ज

मुजफ्फरनगर। नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव बिलासपुर से एक युवती का बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया गया। इस सम्बन्ध में थाना नई मंडी में चार लोगों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बिलासपुर निवासी व्यक्ति ने मौहल्ले के ही चार लोगों पर उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

आचार संहिता उल्लंघन में कपिलदेव बरी

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। विधानसभा चुनाव 2017 के प्रचार के दौरान रुड़की रोड पर समर्थकों के साथ भाजपा कार्यालय से शिवचौक जाने को लेकर आचार संहिता उल्लंघन और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के मुकदमे में कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल को विशेष न्यायालय एमपी/एमएलए कोर्ट के पीठासीन अधिकारी मयंक जायसवाल ने बरी करने का फैसला सुनाया। 2017 में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने कपिल देव अग्रवाल को प्रत्याशी घोषित किया था। विजय के बाद वे समर्थकों के साथ रात पौने नौ बजे वह भाजपा कार्यालय से शिव चौक पहुंचे। तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट ने बगैर अनुमति के जुलूस निकाले जाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच कर आरोप पत्र दाखिल किया। प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायालय एमपी/एमएलए कोर्ट में हुई। वहीं बुधवार को कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल अदालत में पेश हुए। अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में उन्हें दोषमुक्त करार दिया है। एक अन्य मामले में उन्हें फिर से पेश होना होगा। दूसरी ओर सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम भी अदालत में पेश हुए। पूर्व विधायक पर दर्ज मुकदमे में सुनवाई पूरी हो गई है। 29 मार्च को फैसला आने की संभावना है।

नौकरी लगवाने के नाम पर 4.50 लाख रुपये ठगे

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। सिविल लाइन थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में इन्द्रा कॉलोनी निवासी बिट्टू शर्मा पुत्र राजपाल ने बताया कि उसकी गांधी कॉलोनी निवासी लोकेन्द्र के साथ जान पहचान थी। आरोप है कि लोकेन्द्र ने विद्युत विभाग में अपनी जान पहचान बताते हुए उसकी सरकारी नौकरी विद्युत विभाग में लगवाने की बात कही और अपनी पत्नी शीला व साथी राजन के साथ मिलकर उससे नौकरी लगवाने के नाम पर वर्ष 2018 में 4.50 लाख रुपये ले लिये। उसने उक्त रकम अपना घर गिरवी रखकर दी। पीड़ित ने बताया कि नौकरी न लगने पर जब उसने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी उसे टरकाते रहे। आरोपियों ने पीड़ित को कहा कि वह उसकी नौकर ओएनजीसी में लगवा देंगे और यदि नौकरी नहीं लगी, तो उसके पैसे थोड़े-थोड़े कर वापस लौटा देंगे। पीड़ित ने बताया कि नौकरी न लगने पर जब वह आरोपियों के घर अपने पैसे मांगने गया तो, उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की गई आर पैसे वापस मांगने पर हत्या करने की धमकी दी गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

दुकान बिकाऊ है
एक 57 गज (16½ x 33 फीट) की दुकान (दो शटर वाली) छत सहित बिकाऊ है।
हार्डवेयर, प्लाईवुड, पेन्ट्स और सेनेट्री आदि व्यवसाओं के लिए उपयुक्त
लोहिया बाजार वाली गली
बजरंग हार्डवेयर के सामने,
निकट मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क करें :- कुमार 9758337229

evan multi speciality hospital
ईवान हॉस्पिटल
(श्री जयप्रकाश जैन, नावला परिवार)
EVAN HEART CENTRE MUZAFFARNAGAR
ईवान हार्ट सेंटर
दिल से दिल की देखभाल
डॉ. स्वाति शर्मा
MBBS MD DNB, Cardiologist
कैथ लैब विद हाई रेजुलेशन
डॉक्टरों की समर्पित टीम
OPD
समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सोमवार से शनिवार
उपलब्ध उपचार
• वेंटिलेटर
• आईसीयू/सीसीयू
• डॉक्टर
• बैकअप
• एंजियोग्राफी
• एंजियोप्लास्टी
• सीएबीजी
• सभी कार्डियक केयर
For Cardiac Service
9068995066, 7088002623
24 X 7 CARDIAC SERVICE
4th KM, Bhopa Road, Muzaffarnagar (UP)
24/7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध
TPA AVAILABLE
DIALYSIS AVAILABLE
info@evanhealthcare.com www.evanhealthcare.com Follow Us On

नवसंवत्सर पर चंदन तिलक से किया वंदन

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अनुसांगिक संस्था संस्कार भारती इकाई द्वारा एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी परिसर में स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2080 के उपलक्ष में चंदन-वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लक्ष्मीनगर विभाग संयोजक डा. अकीर्तिवर्धन, संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष डा. एसएन चौहान, एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी के प्राचार्य डा. प्रवीण पाण्डेय व मीडिया प्रभारी अभिषेक राय के सानिध्य में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को चंदन का तिलक लगाकर वंदन किया गया। डा. कीर्तिवर्धन के द्वारा संदेश दिया गया कि हिन्दू नववर्ष के शुभअवसर पर हमें अपने-अपने घर के द्वार पर दीपक प्रज्ज्वलित करने चाहिये। दीपक अपने प्रकाश से सकारात्मकता का संदेश देता है तथा अंधकार को मिटाता है। प्रो. एसएन चौहान ने कहा कि सनातन धर्म, सनातन संस्कृति और सनातन मान्यताऐं सभी वैज्ञानिक हैं। हिन्दू संस्कृति ही भारत की आत्मा है। आयोजन में डा. योगेश कुमार शर्मा, पारूल गुप्ता, अमित गुप्ता, नितिन गुप्ता, मनोज गुप्ता, मनोज झा, वरूण सिंह, मृदुल शर्मा, गौरव कुमार, सौरभ मित्तल, शिवानी कौशिक, राजेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, मुरसलीन, हरीश शर्मा, मोहित शर्मा, विकास चौधरी, अचिन, श्रीमती मीनू आदि उपस्थित रहे।

54 डिप्लोमा विद्यार्थियों को मिले टैबलेट

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। स्थानीय एसडी कालिज ऑफ इन्जिनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की युवाओं के लिये घोषित महत्वाकांक्षी स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत फ्री टैबलेट वितरण कार्यक्रम हुआ। संस्था के निदेशक/प्राचार्य प्रो. (डा.) प्रवीण पाण्डेय, अधिशासी निदेशक प्रो. (डा.) एसएन चौहान, निदेशक (एडमिनिस्ट्रेशन) डा. सिद्वार्थ शर्मा व अन्य कई अधिकारियों की उपस्थिति में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अन्तिम वर्ष के सभी अर्ह 54 छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान कर लाभान्वित किया गया। प्राचार्य प्रो. (डा.) प्रवीण पाण्डेय ने कहा कि टैबलेट वितरण के माध्यम से उत्तर प्रदेश के छात्र-छात्राओं को इन्फारमेशन टैक्नोलोजी, कम्प्यूटर व तकनीकी जगत से जोड़ना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। प्रो. (डा.) एसएन चौहान ने कहा कि तकनीकी के इस महान युग में उत्तर प्रदेश सरकार तथा मुख्यमंत्री की युवाओं के प्रति विशेष लगाव है एवं नितियों का लाभ छात्र-छात्राएं अधिक से अधिक उठाएं। टैबलेट प्राप्त करने के पश्चात सभी छात्र-छात्राएं अति प्रसन्न दिखाई दिये तथा उनके चेहरों पर आज विशेष उल्लास एवं तृप्तता दिखाई दी। डा. सिद्वार्थ शर्मा ने आभार जताया। कार्यक्रम का संयोजन मुरसलीन रहमान, पुनित गोयल, ऋषभ भारद्वाज, शिवानी कौशिक व उनकी टीम ने बड़ी ही सहजता और सुगमता से किया।

नवसंवत्सर पर प्रकृति संरक्षण का संकल्प

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में आज स्वंयसेवक-स्वंयसेविकाओं के द्वारा आज तृतीय दिवस पर सांस्कृतिक धरोहर हमारी विरासत और विश्व जल दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विक्रम सम्वत और सृष्टि उत्पत्ति दिवस के शुभावसर पर विश्व शांति, विश्व कल्याण और महामारी से मुक्ति के लिए महावीर प्रसाद पूर्व विभागाध्यक्ष चित्रकला विभाग डीएवी कॉलेज के निर्देशन में हवन कर भारतीय नव वर्ष का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि हवन भारतीय सभ्यता संस्कृति का एक अटूट अंग है। कॉलेज सचिव विनोद कुमार संगल ने नव वर्ष की शुभकामनाए देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से प्रत्येक छात्र-छात्राओं में रचनात्मक शक्ति का भी विकास होता है। कॉलेज प्राचार्या डा. रेणु गर्ग, निदेशक मंजू मल्होत्रा, डा. मुकुल गुप्त, अमित कुमार ने भी सम्बोधित किया। कॉलेज स्टाफ से प्रीति लौर, पूनम शर्मा, छवि जैन, अनीता सिंह, अभिनव गोयल, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, गरिमा तोमर, प्रीति दीक्षित, उमेश त्रिपाठी, संजीव कुमार, शुभम सिंघल, विपुल कुमार, विवेक सिरोही आदि उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं में कविन्द्र, हिमांशु, हनु, सिद्धार्थ नारायण, अंशिता, शगुन, सुहानी, आकांक्षा, ध्रुव, अनुराग, दीक्षा, निखिल, सन्नी, शासक और अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

भव्य कलशारोहण समारोह आयोजित

जैन स्थानक शाहपुर में जुटे श्रद्धालु, जैन मुनि बोले-गुरू के बिना मंजिल नहीं मिलेगी

शाहपुर, 22 मार्च (बु.)। कस्बे के जैन स्थानक में भव्य कलशारोहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जैन संत नरेश मुनि जी महाराज ने कहा कि बिना गुरू के मानव चल तो सकता है, किंतु मंजिल तक नहीं पहुंच सकता। कस्बे के मौहल्ला महाजनान स्थित जैन स्थानक में जैन संत नरेश मुनि जी महाराज के पावन सानिध्य में मंत्रोचार के बीच कलशारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान प्रवचन करते हुए जैन संत नरेश मुनि जी महाराज ने कहा कि कलशारोहण की परंपरा अति प्राचीन है। इस परंपरा को सनातन धर्म में भी अपनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मानव के जीवन में भी तीन कलश होने चाहिए। जो माता-पिता की सेवा करना, धार्मिक व शैक्षिक गुरू का आदर करना व समाज के प्रति निष्ठा रखने के हैं। उन्होंने कहा कि मानव को जीवन में मार्गदर्शन दिखाने वाले गुरू होते हैं। गुरू के मार्गदर्शन के बिना मानव चल तो सकता है लेकिन मंजिल तक नहीं पहुंच सकता। जैन संत निपुण जी महाराज व जैन साध्वी संयमप्रभा कमल महाराज ने भी प्रवचन किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनमोहन जैन थे, लेकिन अचानक ही स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण वो कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। अन्य अतिथियों में कृष्ण कुमार जैन, दीपक जैन शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सकल जैन समाज के संरक्षक बालेश जैन, राजेंद्र जैन, शील चंद जैन, संजीव जैन, सतीश जैन, सुंदरलाल जैन, राकेश चंद्र जैन, हर्षित जैन, पारस जैन, अंकुर जैन, शुभम जैन, अमन जैन, तरुण जैन व अरिहंत जैन आदि ने विशेष सहयोग दिया।

95 वैवाहिक जोड़ों को मंत्री कपिल देव ने दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में ब्लॉक सदर-पालिका क्षेत्र की बेटियों की हुई शादी

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। सूबे के गरीब परिवारों की बेटियों की शादियों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में जिला स्तरीय वैवाहिक समारोह में आठ सौ से ज्यादा बेटियों को विदा करने के बाद अब शहर और गांव की अन्य बेटियों के हाथ पीले करने के लिए भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया, इसमें योगी सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने हिन्दू-मुस्लिम परिवारों की बेटियों को सफल वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्रदान कर उनका कन्यादान कर विदा किया।

खण्ड विकास अधिकारी सदर डॉ. नेहा शर्मा ने बताया कि कूकड़ा ब्लॉक चौराहे पर स्थित देवलोक बैंकेट हॉल में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड सदर के 79 वैवाहिक जोड़े व नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर क्षेत्र के 16 वैवाहिक जोड़ों की विधिवत शादी सम्पन्न हुई तथा उनको विवाह से सम्बन्धित आवश्यक सामान का वितरण किया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कुशपुरी, पदम सिंह तोमर भाजपा नेता, जिला पंचायत सदस्य तरूण पाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनीत मलिक आदि उपस्थित रहे। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सभी वैवाहिक जोड़ो को आशीर्वाद प्रदान किया। संचालन ग्राम विकास अधिकारी हरीश चन्द्र द्वारा किया गया। समस्त वैवाहिक जोड़ों को शादी से सम्बन्धित समस्त सामान वितरित किया गया सभी को भोजन कराया गया।

फोटो बुलेटिन — सामूहिक विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़ों को वैवाहिक प्रमाण पत्र सौंपते राज्यमंत्री कपिल देव तथा उपस्थित अन्य लोग।

शारदेन चिल्ड्रन विंग्स के बच्चों ने मोहा मन

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बुस.)। शारदेन स्कूल के ऑडिटोरियम में प्ले, नर्सरी, एलकेजी ब्लू के बच्चों ने आज विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा अपनी प्रतिभा दिखाई। समारोह के आरंभ में एलकेजी के निशिता, शिविका, वैदिक, वामिका, आयांश, राघव, गौरांश, भार्गवी ने अपने मधुर आवाज में गायत्री मंत्र प्रस्तुत किया। अथर्व, मायरा, अलिमा, काव्या, आयांश ने इंग्लिश प्रेयर गाकर सभी अभिभावक को अपनी ओर आकर्षित कर लिया, तो वही युग ने आज की ताजा खबर सुना कर सबको प्रसन्न कर दिया। अनाया मित्तल, अयांश, राघव, शिविका, निशिता 'तीन रंग का झंडा' और 'स्वच्छ भारत पर बहुत ही सुंदर और स्वच्छता का संदेश देते हुए लघु नाटिका प्रस्तुत किए। 'टू लिटिल डिकी बर्ड' और 'मंकी एंड द कैप सेलर' अविका, अनाया, अविराज, वैदिक, अरहम, अयांश ने बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। बन्नी बैलून में गौरांश तो पपेट शो एंड द ग्रास हॉपर में अलिमा की प्रस्तुति मनमोहक थी। इमरान, मायरा, शिविका, अलिमा सेव ट्री पर भी बहुत ही मनमोहक अंदाज से प्रस्तुति की। कौशिकी ने स्काई इज फॉलिंग डाउन एक्टिंग के साथ कहानी सुनाई सभी अभिभावक अपने बच्चों के अभिनय, नृत्य देखकर बहुत ही खुश हो रहे थे तथा प्रत्येक बच्चों को सम्मानित करते समय उनके माता-पिता तथा दादा दादी के साथ फोटो भी लिए जा रहे थे, जो एक यादगार पल के साथ हमेशा उनके और हमारे साथ रहेगा। स्कूल के प्रबंधक विश्व रतन ने नन्हे-मुन्ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्कूल की प्रधानाचार्या धारा रतन ने कहा कि यह प्रस्तुति विद्यार्थियों के हौसलों को बुलंद करने उन्हें अगले पड़ाव में प्रवेश करने का अहसास करवाने के मकसद से करवाई गई है। इस तरह के समागम से बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है, जो उन्हें जिंदगी में आगे बढ़ने में मदद करता है।

संपूर्ण इलाज से ठीक हो जाती है टीबी: डा. लोकेश

विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष में एसडी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में संगोष्ठी आयोजित

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। भोपा रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ फामेर्सी में विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) के उपलक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जिला क्षय रोग अधिकारी डा. लोकेश चंद गुप्ता ने छात्रों को टीबी से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया। इस दौरान कॉलेज के निदेशक डा. अरविंद कुमार, एचओडी ईशान, जिला समन्वयक सहबान उल हक, पीपीएम कोऑर्डिनेटर प्रवीन कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

डा. लोकेश चंद गुप्ता ने बताया कि भारत को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाना है। प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए मुजफ्फरनगर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल, कॉलेजों में टीबी के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को एसडी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को टीबी और उससे बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया गया। छात्रों ने टीबी से संबंधित सवाल किए, जिसका जवाब में छात्रों को बताया गया कि संपूर्ण इलाज से टीबी पूरी तरह से ठीक हो जाती है। बैक्टीरिया के कारण टीबी होती है। बीमारी का पता चलते ही दवा दी जाती है। टीबी के शुरूआती इलाज में प्रथम चरण की दवा ठीक से काम नहीं करती तो फिर द्वितीय चरण की दवा दी जाती है, जिसका कोर्स नौ महीने से लेकर 2महीने तक का होता है। जिला समन्वयक सहबान उल हक ने बताया कि दो सप्ताह या उससे अधिक समय से लगातार खांसी व बलगम आना, शाम के समय बुखार, सीने में दर्द, भूख न लगना, वजन में अचानक कमी, बलगम में खून का आना व छाती में दर्द रहना आदि टीबी के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि टीबी के रोगी की बलगम की दो जांच की जाती है। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर प्रवीन कुमार ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकती है। लेकिन, फेफड़ों की टीबी ही संक्रामक होती है। फेफड़ों की टीबी के रोगी के बलगम में टीबी के जीवाणु पाए जाते हैं। रोगी के खांसने, छींकने और थूकने से यह जीवाणु हवा में फैल जाते हैं और अन्य व्यक्ति के सांस लेने से यह जीवाणु उस व्यक्ति के फेफड़ों में पहुँच जाते हैं और उसे संक्रमित कर देते हैं।

गणित के सूत्र विषय पर वर्कशाप संपन्न

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज के सभागार में आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनश्रयन प्रकोष्ट के अन्तर्गत गणित के सूत्र विषय एक दिवसीय पर वर्कशाप का आयोजन किया गया। वर्कशाप का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूजा राय ने किया। छात्र/छात्राओं ने वर्कशाप में उत्सुकतापूर्वक बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

सर्वप्रथम प्राचार्य डा. संदीप मित्तल ने वर्तमान समय में गणितीय सूत्रों के विशेष महत्च को बताया कि गणित की डिमांड आज के समय में बहुत अधिक है। यदि आप 12वीं कक्षा के बाद मेथैमैटिक्स से सम्बन्धित कोर्स या कोई भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के बारे में सोच रहे हैं, तब आपके लिये गणित के सूत्रों की शार्ट ट्रिक्स बेहतर ऑप्शन हो सकता है, जिससे आप किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में कम से कम समय में अधिक से अधिक प्रश्नों को हल कर सकते हैं। वर्कशाप में साथ ही साथ बीजगणित, ज्यामिति, रेखा गणित अन्य सभी प्रकार से सम्बन्धित शार्ट ट्रिक्स के बारे में बताया गया। जो सभी प्रतियोगी परीक्षा में समान रूप से उपयोगी है। तत्पश्चात मुख्य अतिथि पूजा राय ने छात्र एवं छात्राओं को बताया कि वर्तमान समय में देश में प्रतियोगिता चरम सीमा पर है। मेथैमैटिक्स से सम्बन्धित कुछ महत्वपूर्ण सूत्रमाला है, जैसे सांख्यिकी योग्यता, सरलीकरण, भिन्न, दशमलव भिन्न, वर्गमूल एवं घनमूल, घातांक एवं करण, लघुत्तम समापवत्र्य और महत्तम समापवर्तक, आसन मान, लघुगणक, संख्या पद्धति, अनुपात समानुपात, औसत आदि को सूत्रों की शार्ट ट्रिक्स द्वारा आप आसानी से याद कर लेते हैं तो प्रतियोगी परीक्षाओं में कम समय के रहते हुये अधिक प्रश्नों को हल करने मे उपयोगी सिद्ध होंगे। वर्कशाप के कोर्डिनेटर प्रवक्ता अनुज गोयल ने बताया कि प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्रायें सताक्षी गर्ग, शगुन, हर्षिका, खुशी, आरव, भावना, दीपशिखा, अभिषेक, सादिक व सौरभ सैनी आदि ने अपना योगदान दिया।

एसएसपी संजीव सुमन ने विद्यार्थियों को किया अलर्ट

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। श्रीराम कॉलेज के सभागार में श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ द्वारा प्राशसकीय न्याय विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता एसएसपी संजीव सुमन रहें। श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के संस्थापक डा. एससी कुलश्रेष्ठ ने अध्यक्षता की। एसएसपी संजीव सुमन एवं चेयरमैन डा. एससी कुलश्रेष्ठ, कॉलेज की प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल, निदेशक डा. आलोक गुप्ता, डा. अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी, चौधरी हरचन्द सिंह कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. रविन्द्र प्रताप सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

एसएसपी संजीव सुमन ने अपराध और अपराध की विभिन्न अवस्थाओं पर जानकारी देते हुये कहा कि अपराध वास्तव में मानव संवेग से संबंधित होते हैं। समाज में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है जोकि एक बहुत बडी चिंता का विषय है जिसके लिये समाज को साइबर क्राइम के विषय में जागरूक किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने महिलाओं पर होने वाले अत्याचार एवं अपराध को रोकने के लिये सरकार द्वारा शुरू की गई पुलिस हेल्पलाइन व सेवाओं के बारे में सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी तथा साथ ही उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों के संरक्षण हेतु 109 व 122 पुलिस हेल्पलाईन के विषय में विस्तार से बताया। व्याख्यान के अंत में प्रश्न काल आयोजित किया, जिसमें विद्यार्थियों आयान त्यागी, माही, तुषार मलिक, शशांक अग्रवाल, ओसी, सुरभि, सना कुरैशी द्वारा विषय से संबंधित अपनी जिज्ञासा को शांत किया। चेयरमैन डा. एससी कुलश्रेष्ठ ने एसएसपी संजीव सुमन और उनकी टीम द्वारा जिले में कानूनी व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र राहुल व उसकी पत्नी स्वाति मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने–सुनने में नहीं है तथा मेरा पुत्र राहुल गलत संगत मे पड़ गया है, इसलिए मैंने इन दोनों से सम्बंध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य व लेन–देन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेन–देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सुनीता पत्नी स्व. राजकुमार
मकान नं. 534, कम्बल वाला बाग,
थाना–नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

महादान... एम.जी. पब्लिक स्कूल में रक्तदान शिविर में समर्पित युवा ने दिया जल संरक्षण और वोटिंग का संदेश

80 रक्तवीरों ने रक्तदान कर शहीदों को दी रक्तांजलि

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल में देश के अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू के शहीदी दिवस के उपलक्ष में हिन्दी नववर्ष पर समर्पित युवा समिति एवं समर्पित महिला शक्ति के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने किया।

सरकूलर रोड स्थित एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में समर्पित युवा समिति एवं समर्पित महिला शक्ति के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल का कार्यक्रम में पहुंचने पर एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश चन्द गोयल, एम.जी. पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल एवं प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने स्वागत किया।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव ने मां भारती के चित्र के साथ ही अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू के चित्रों पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। मंत्री कपिल देव ने रक्तदान कर रहे लोगों के पास पहुंचकर उनका उत्साह बढ़ाया और सराहना की। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि आज यह खुशी का अवसर है कि हम नवसंवत्सर शुभारंभ और नवरात्र के पहले दिन यह सामाजिक पुण्य का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक परिवर्तन में शिक्षक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि बच्चों पर शिक्षक की सीख का ही प्रभाव अधिक रहता है। उन्होंने शिक्षकों से सनातन धर्म संस्कृति के लिए बच्चों को प्रेरित करने, अपनी संस्कृति से जोड़ने और जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने में महती भूमिका निभाने का आह्वान किया। बच्चों को देश के लिए बलिदान होने वाले क्रांतिकारियों के जीवन दर्शन से प्रेरित करने पर भी बल दिया। उन्होंने समर्पित युवा टीम के प्रयासों की भी सराहना की और एम.जी. पब्लिक स्कूल के सहयोग को भी प्रशंसनीय बताया। एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल ने कहा कि भगत सिंह जैसे बलिदानियों के त्याग से ही आज हम आजाद भारत में जी रहे हैं। समर्पित युवा टीम की भी उन्होंने सराहना करते हुए उनके साथ इस सामाजिक सहयोग में आगे भी कदम बढ़ाने का भरोसा दिया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने सभी का आभार जताया और देश के शहीदों के सम्मान में रक्तदान जैसे कार्यों की सराहना की। शिविर में 80 लोगों ने रक्तदान कर देश के शहीदों को रक्तांजलि अर्पित की। समर्पित युवा समिति के अमित पटपटिया ने बताया कि आज से ही उनके द्वारा जल संरक्षण, मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति एक जनजागरण अभियान की शुरूआत भी की जा रही है। शिविर में मुख्य रूप से भाजपा लघु उद्योग के प्रदेश संयोजक कुशपुरी, भाजपा नेता श्रीमोहन तायल, विशाल गर्ग, आरएसएस नेता कुलदीप गोयल, दीपक बंसल, पूर्व सभासद राजकुमार सिद्धार्थ भी मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में समर्पित युवा टीम से अमित पटपटिया, संजीव अरोरा, हितेश आनन्द, अजय अनेजा, अमित छाबड़ा, अनिकेत गुप्ता, वरदान वाधवा, हरीश अरोरा, वेभव मदान, मोनाली पंवार, मनी पटपटिया, मेघा बाठला, शालिनी आनन्द, पारूल कुमार, हिमांशु शर्मा और अंशु भाटिया का सहयोग रहा। शिविर में समर्पित युवा समिति के द्वारा रक्तदान शिविर में सहयोग के लिए एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश चन्द्र गोयल और प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग को पटका व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय और दुर्गा चेरिटेबल ब्लड बैंक की टीम का सहयोग रहा।

फोटो बुलेटिन — एम.जी. पब्लिक स्कूल में रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते मंत्री कपिल देव, उन्होंने रक्तवीरों के पास जाकर उनका उत्साह भी बढ़ाया।

एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में टैबलेट व स्मार्ट फोन वितरण

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु निःशुल्क स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण योजना के अर्न्तगत एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आज स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सचिन गोयल व नोडल अधिकारी डा. नवनीत वर्मा ने किया। नोडल अधिकारी डा. नवनीत वर्मा ने छात्र-छात्राओं को उक्त योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उत्तर प्रदेश सरकार के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की। प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने बताया कि छात्र-छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु सरकार द्वारा संचालित यह योजना निश्चय ही एक सराहनीय कदम हैं, क्योंकि आज भी कुछ क्षेत्रों में ऐसे छात्रध्छात्राएं हैं जो फोन से वंचित है और वे स्वयं को आधुनिक शिक्षा के परिपेक्ष में पिछडा हुआ महसूस करते हैं। डा. रवि अग्रवाल, डा. सौरभ जैन, श्रीमति नीतू गुप्ता, डा. नवेद अख्तर, डा. मोनिका रूहेला, अमित कुमार, डा. माधुरी अरोरा, रविन्द्र कुमार, डा. जगमोहन जोदान, डा. सुरेश चन्द शुक्ला, डा. नदीम, डा. अनामिका पंवार, शिवांगी वशिष्ठ, डा. अर्पणा शर्मा, डा. महेन्द्र सिंह, विरेन्द्र, ज्ञानेन्द्र, मानसी अरोरा, नीरज कुमार, गरिमा कंसल, अंजू कुमारी, नीतू शर्मा, सोहन लाल, अंकित धामा, गौरव बालियान, मोनिका पंवार, तनु, वंशिखा गुप्ता, सपना, सोनम, पूजा मलिक, पिंकी आदि शिक्षकों ने टैबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण किया।

अरिहन्त ज्वैलर्स सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च, (बु.)।
सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना- 58,000	चांदी-67,000
सिक्का- 750	गिन्नी- 43,500

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च, (बु.)।
मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया-970-1110, चाकू 1200-1340, लड्डू 1150-1205, खुरपापाड़ 1085-1100, शक्कर मसाला 1265-1275, आमद-1,000 मन।

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 23 मार्च, 2023

मेष- आज दिन 2/09 बजे तक समय अव्यवस्थित, समस्या से चिन्तित, शत्रु सक्रिय, स्वास्थ्य सुधार पर, तनाव में कमी, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

वृषभ- आज दिन 2/09 बजे तक समय अनुकूल, कार्य क्षमता में वृद्धि, योजना साकार, लक्ष्य की प्राप्ति, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभावी।

मिथुन- विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, राजनीतिक लाभ का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के अवसर सुलभ, हर्ष।

कर्क- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, दर्शनीय स्थल की यात्रा।

सिंह- आज दिन 2/09 बजे तक समय असंतोषजनक, आर्थिक कठिनाइयां, शारीरिक कष्ट, आपसी तनाव, शेष समय बेहतर, नवयोजना की पूर्त।

कन्या- आज दिन 2/09 बजे तक दिनमान अनुकूल, अधूरे कार्य पूर्ण, दाम्पत्य जीवन मधुर, अकल्पित लाभ, शेष समय व्यवधानकारक।

तुला- व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, यात्रा।

वृश्चिक- अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क लाभ, राजनैतिक संलग्नता, राजकीय लाभ, मौजमस्ती में व्यय।

धनु- आज दिन 2/09 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, कार्यों में अड़चनें, सहयोगियों से विवाद संभव, शत्रु से हानि, पूँजी का प्रतिफल प्राप्त।

मकर- आज दिन 2/09 बजे तक अनुकूलता, नवीन योजना का श्रीगणेश, उन्नति का सुयोग, मनोविनोद के अवसर, शेष समय में प्रगति में गतिरोध, योजना अधूरी।

कुम्भ- समझदारी से लिया गया निर्णय व किया गया हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयत्नशील, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ।

मीन- विचाराधीन योजना का मूर्तरूप में परिणित, धन लाभ का सुअवसर, दाम्पत्य जीवन में संतोष, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, म

1973-2023

सम्पादक की क़लम से

पोस्टर पोलीटिक्स का चलन

आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर पोस्टर पोलीटिक्स का चलन बढ़ गया है। अभी से राजनीति में पोस्टरवार शुरू हो गयी है। पहले भी चुनावों के करीब इस तरह की पोस्टरबाजी होती रही है। दिल्ली पुलिस ने प्रधानमन्त्री मोदी के विरोध में लगाए गए पोस्टरों के मामले में अब तक पचास से ज्यादा एफआईआर दर्ज की हैं और चार लोगों को गिरफ़्तार किया गया है। अब तक गिरफ़्तार हुए चार लोगों में से दो प्रिंटिंग प्रेस के मालिक हैं। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में दीवारों और खंभों पर पीएम मोदी का विरोध करते हुए पोस्टर नजर आए थे जिनमें लिखा था, 'मोदी हटाओ, देश बचाओ' कम से कम दो हजार पोस्टर हटाए गए हैं और दो हजार से ज्यादा पोस्टरों को एक वैन से बरामद किया गया है। पुलिस ने आईपी एस्टेट में एक वैन को बरामद किया है, जो कि डीडीयू मार्ग पर स्थित आम आदमी मुख्यालय से आ रही थी। दूसरी तरफ बिहार की राजधानी पटना में जेडीयू कार्यालय में लगे कई बड़े-बड़े बैनरों और पोस्टरों के जरिए सीधा प्रधानमन्त्री मोदी और उनकी सरकार पर निशाना साधा गया है। राजस्थान में चुनावी साल शुरू होने के साथ ही सियासी खींचतान का सिलसिला भी शुरू हो गया है। ऐसे में दोनों खेमों के नेताओं ने प्रदेश मुख्यालय को पोस्टर से पाट दिया है। दिल्ली से इस मामले में गिरफ़्तार किए गए शख़्स ने बताया है कि उसे उसके नियोक्ता ने आम आदमी पार्टी मुख्यालय में पोस्टर डिलीवर करने के लिए कहा था और उसने एक दिन पहले भी ये पोस्टर डिलिवर किए थे। आम आदमी पार्टी का कहना है कि इन पोस्टरों में आपत्तिजनक क्या है। आम आदमी पार्टी ने पुलिस कार्रवाई को तानाशाही बताया है। पार्टी ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर लिखा, मोदी सरकार की तानाशाही चरम पर है। पोस्टर में ऐसा क्या आपत्तिजनक है, जो इसे लगाने पर मोदी जी ने 100 एफआईआर कर दीं? पीएम मोदी आपको शायद पता नहीं, पर भारत एक लोकतांत्रिक देश है, एक पोस्टर से इतना डर क्यों? आम आदमी पार्टी पोस्टर मामले को लेकर प्रदर्शन करेगी। दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले इस प्रदर्शन में अरविंद केजरीवाल के साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान भी शामिल होंगे। दो प्रिंटिंग प्रेस कंपनियों को ऐसे पचास-पचास हजार पोस्टर छापने का ऑर्डर दिया था। इन कंपनियों से जुड़े लोगों ने रविवार रात से सोमवार सुबह तक ऐसे तमाम पोस्टर चिपकाए। इन प्रेस मालिकों को पोस्टरों पर प्रेस का नाम नहीं छापने की वजह से गिरफ़्तार किया गया है। इससे दो साल पहले भी कोविड के दौरान ऐसे ही मोदी विरोधी पोस्टर छापे जाने के मामले में पुलिस ने तीस लोगों को गिरफ़्तार किया था और 25 एफआईआर दर्ज की थीं। उधर बिहार में पार्टी कार्यालय में लगे जेडीयू के बैनर पर लिखा है, 'मन की नहीं, काम की'। जाहिर है इसके जरिए प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम की तरफ इशारा किया गया है। यही नहीं, 'जुमला नहीं, हकीकत' जैसे नारों के जरिए केंद्र सरकार पर हमला किया गया है। जेडीयू कार्यालय के बाहर लगे कुछ बैनर और पोस्टर के जरिए पार्टी के कार्यकर्ता एक और संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। इनमें नीतीश कुमार के लिए बिहार के 'यशस्वी मुख्यमन्त्री' के संबोधन का इस्तेमाल किया गया है। इस तरह के संबोधन आमतौर पर बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के लिए करते हैं। ऐसे पोस्टर इसी महीने एक मार्च को नीतीश कुमार के जन्मदिन के मौके पर लगाए गए थे। जेडीयू कार्यकर्ता इशारों ही में नीतीश कुमार को सम्बोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी को चुनौती दे रहे हैं। इस पोस्टर पॉलिटिक्स के जरिए दावा किया जा रहा है, 'प्रदेश में दिखा, अब देश में दिखेगा'। यानी यह नारा भी भविष्य में नीतीश कुमार को केंद्र की राजनीति में दिखाने की कोशिश कर रहा है। नीतीश ने लोकसभा चुनाव प्रचार की शुरूआत कर दी है इसमें कोई संदेह नहीं है। नीतीश ने पिछले साल एनडीए छोड़ते ही साल 2024 के लोकसभा चुनावों का बिगुल फूंक दिया था। नीतीश कुमार ने पिछले साल अगस्त महीने में बीजेपी को छोड़ आरजेडी के साथ गठबंधन किया था। उसके बाद से बिहार में 'महागठबंधन' की सरकार चल रही है। पिछले साल महागठबंधन बनाने के बाद जेडीयू की एक बैठक हुई थी, उस समय भी जेडीयू की तरफ से ऐसे ही कई नारों वाले पोस्टर और बैनर लगवाए गए थे, जिसमें सीधा केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा गया था। ऐसे कई नारों का इस्तेमाल जेडीयू ने पहले भी किया था। नीतीश कुमार अपने कार्यकताओं और समर्थकों को भी बताना चाहते थे कि उन्होंने बड़ी लड़ाई के लिए आरजेडी से गठबंधन किया है। इस तरह से वो अपनी पार्टी को भी टूटने से बचा ले गए। नारों के जरिए नीतीश कुमार अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरना चाहते हैं कि उनका नेता और आगे बढ़ने की कोशिश में है, उसने तेजस्वी यादव को बिहार नहीं सौंपा है, बल्कि वो खुद के लिए रास्ता देख रहा है। नीतीश कुमार की नजर केवल बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर ही नहीं है, वो उत्तर प्रदेश और झारखंड को लेकर भी तैयारी में लगे हुए हैं। हाल ही में जेडीयू के अध्यक्ष ललन सिंह ने लखनऊ का दौरा भी किया था और समाजवादी पार्टी से बातचीत का ज़िक्र भी किया था। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80, बिहार में 40 और झारखंड में 14 सीटें हैं। फिलहाल इन 134 सीटों में से 92 सीटें बीजेपी के पास हैं। नीतीश कुमार का इरादा बीजेपी को तीनों राज्यों में 50 सीटों पर समेटने का लगता है, अगर नीतीश ऐसा कर पाए और बीजेपी अगले लोकसभा चुनाव में बहुमत से 25 सीट कम पर रुक गई तो नीतीश खुद बीजेपी को समर्थन दे सकते हैं, शर्त बस यही होगी कि नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं होंगे। नीतीश कुमार ने इसी जनवरी और फरवरी के महीने में बिहार राज्य का दौरा भी किया था। उनकी इस यात्रा को 'समाधान यात्रा' का नाम दिया गया था। इस यात्रा के दौरान कई जगहों पर 'देश का पीएम कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो' जैसे नारे भी लगाए गए थे। जेडीयू पार्टी दफ्तर पर लगे ऐसे बैनर और पोस्टर से सीधा मोदी सरकार को टारगेट किया गया है। मोदी से दूरी से मतलब है कि जेडीयू ने फि लहाल महागठबंधन में टूट की संभावना पर भी विराम लगा दिया है।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"बात" "बकवास" "पाक" "जीरो"

बात को बकवास तक जो ले के जाते हैं उन्हें,
आज टीवी चैनलों ने अपना हीरो कर लिया।
ऑनलाइन, पाक से भी बोलने वाले लिए,
अपने शो को चैनलों ने ऐसे जीरो कर लिया।

हड़ताल खत्म होने के बाद भी विद्युत समस्या ज्यों की त्यों

बुढ़ाना, 22 मार्च (बु.)। हड़ताल समाप्त होने के बाद भी बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में काफी स्थानों पर विद्युत की सही आपूर्ति बहाल नहीं हो पा रही है। बिजली की आंखमिचौली से नागरिक हैरान हैं और कह रहे हैं कि जब विद्युतकर्मियों की हड़ताल भी समाप्त हो गई है, तो फिर भी विद्युत आपूर्ति ढंग से क्यों नहीं दी जा रही है। आज नवरात्रे भी शुरू हो गये हैं और कल से रमजान का पाक माह भी शुरू हो जाएगा। फिर भी इसके बावजूद भी बिजली की आंखमिचौली जारी है। कई कई घंटे विद्युत आपूर्ति ठप्प रहना गृहणियों को भी परेशान कर रहा है। सीधे सीधे कहा जाए तो बिजली व्यवस्था कई स्थानों पर ध्वस्त है। कुछ जगहों को छोड़ दिया जाए, तो बुढाना कस्बे में बिजली के लिए हाहाकार मचा हुआ है। मोहल्ला मिर्दगान सहित अन्य कई मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति सही ढंग से नहीं दी जा रही है। कई क्षेत्रों में बिजली की आंखमिचौली के कारण जनजीवन बेहाल है। उधर बिजली न होने के कारण मोहल्ला मिर्दगान सहित अन्य कई मोहल्लों के लोग पानी के लिए भी तरस गए हैं। वहीं बिजली न जमने से लोगों की फोन की बैटरी डिस्चार्ज होने के साथ ही बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। दिन भर लाइट के न रहने से जरूरतमंद लोग जनरेटरों से अपने निजी कार्यों को करते हुए देखे गए, जबकि शाम को दुकानों पर लोग मोमबत्ती जलाकर किसी तरह से अपने कार्यों को अंजाम देने में लगे हैं। दूसरी ओर कुछ ई-रिक्शा चालकों ने बताया कि 100 रुपए देकर वे रिक्शा चार्ज कर रहे हैं। कुल मिलाकर बिजली की आंखमिचौली से नागरिक परेशान हैं। पानी बिजली के मामले में तो मोहल्ला मिर्दगान में हाहाकार मचा हुआ है।

अवैध कब्जा कर पीड़ित के साथ की गाली-गलौच

भोपा, 22 मार्च (बु.)। ग्राम भोपा निवासी भागमल ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गांव स्थित वाल्मीकि बस्ती में समस्त वाल्मीकि समाज की पंचायती भूमि खाली पड़ी हुई है। बराबर में ही जानवरों का बाड़ा है, जिस पर आरोपी पंचायती भूमि पर कब्जा कर रहा है।

अवैध कब्जा करने के उद्देश्य से आरोपी ने बुनियाद भी खोद रखी है। समाज द्वारा इसका विरोध किया गया, तो आरोपी ने गाली-गलौच कर मारपीट पर उतारू हो गया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट ने हिंदू नववर्ष, संस्कृति महोत्सव व रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय पुरस्कार महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा रामलीला टिल्ले पर हिंदू नववर्ष का कार्यक्रम हवन पूजन के साथ संस्कृति कार्यक्रम व शहीदों के परिवारों को रानी लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथियों ने दीप पर्वजलित कर व फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूवात की। मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री ने संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहयोग की घोषना की। मुख्य अतिथि जशवंत सैनी राज्य मंत्री क्रांतिकारी शालू सैनी जी द्वारा किए गए अंतिम संस्कार की सराहना करते हुए शालू सैनी को सैनी समाज का गौरव बताया। कार्यकम को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल व मंसूरपुर मिल से अरविंद कुमार दीक्षित एसडीएम सदर परमानंद झा, रविंदर कुमार शर्मा ने भी संबोधित किया। क्रांतिकारी शालू सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले नो वर्षो से साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा हिंदू नववर्ष व रानी लक्षीबाई बाई पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया, जिसमें क्रांतिकारी शालू सैनी ने तलवार चलाकर महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षा कर रहे चरण सिंह सैनी ने साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट को 200 गज जमीन वृद्ध आश्रम बनाने के लिए दान देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन मनोज सैनी व राजू सैनी द्वारा किया गया। मुख्य रूप से राजू सैनी, अमित त्यागी, रेखा राठी, मनोचा खंडेलवाल, ललिता त्यागी, पूर्णिमा त्यागी, मीनाक्षी सैनी, प्रीति सैनी, अंकित सैनी, सतेंद्र सैनी एडवोकेट, अमित सैनी, प्रमोद शर्मा, साक्षी सैनी, सुमित सैनी, लखन सैनी, संदीप जिंदल आदि मौजूद रहे।

हिंदू जागरण मंच लक्ष्मी नगर के कार्यकर्ताओं ने हिंदू नववर्ष पर निकाली बाइक रैली

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। हिंदू जागरण मंच लक्ष्मीनगर के कार्यकर्ताओं ने हिंदू नववर्ष पर हिंदू जागरूकता बाइक रैली का आयोजन कार्यक्रम संयोजक अखिलेश पुरी (युवा जिला अध्यक्ष) के सानिध्य में किया। कार्यक्रम में मुख अतिथि प्रमुख समाजसेवी देवराज पवार रहे। उन्होंने फीता काटकर बाइक रैली का शुभारंभ किया। उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए हिंदू नववर्ष पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और हो रहे कार्यो की प्रशंसा की। हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता ढ़ोल और ताशे पर नाचते हुए व आतिशबाजी करते हुए रामपुरी गेट के पास माता वैष्णो देवी मंदिर से चलकर नॉवल्टी चौराहे से होते हुए हनुमान चौक पहुंचे। फिर भगत सिंह रोड से होते हुए शिवचौक पर बाइक रैली का समापन भगवान शिव को भोग प्रसाद लगाकर किया।

में हिंदू जागरण मंच लक्ष्मी नगर से जिला प्रभारी दीपा त्यागी, जिला संरक्षक बागेश अग्रवाल, जिला संयोजक अनुज भारद्वाज,

जिला सहसंयोजक कमलदीप, पंकज भारद्वाज, संजय पुंडीर, नगर संयोजक हरीश पालीवाल, जिला कोर कमेटी से हरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र भारद्वाज, संजय गोयल, स्वावलंबन आयाम सुशील, राजकुमार, खंड संयोजक संजय पाल, आकाश पाल, सोनू गर्ग, अनुज सक्सेना, सनी पाल, दीपक धीमान, अश्वनी उपाध्याय और महिलाओं में मोनिका शर्मा, मनी पाल, तनु, पूजा सैनी, दीपा कश्यप, खुशी शर्मा, बबीता शर्मा और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गायब युवती की बरामदगी को सीएम दरबार में लगाई गुहार

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। बुधवार को डीएम दफ्तर पहुंचे डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज उत्थान सेवा समिति के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार के नेतृत्व में प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। डीएम के माध्यम से सौंपे गए उक्त ज्ञापन में समिति ने जिले के शाहपुर क्षेत्र के गांव तावली से गायब युवती की बरामदगी के साथ ही इसके दोषियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। बुधवार को डीएम कार्यालय पर सौंपे ज्ञापन में बताया कि 19 मार्च को शाहपुर के गांव तावली निवासी हरपाल की पुत्री को गांव के ही 3 नामजद आरोपी बहला फुसलाकर अपने साथ में ले गये, जिसकी रिपोर्ट शाहपुर थाने में पूर्व में दर्ज कराई गई थी, लेकिन अभी तक उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी और युवती को पुलिस बरामद नहीं कर पाई। उक्त ज्ञापन में मुख्यमंत्री से आरोपियों की गिरफ्तारी व युवती की बरामदगी कराए जाने के साथ ही आरोपियों पर एससीएसटी एक्ट की कार्रवाई व आरोपियों के घरों को ऐसे में बुल्डोजर से गिराने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की फिर से पुनरावृत्ति न हो सके।

नौकरी का झांसा देकर लाखों की चोरी की

रामराज, 22 मार्च (बु.)। ग्राम देवल निवासी एक युवक से अज्ञात युवक ने नोकरी का झांसा देते हुए अपने मोबाईल पर उसके शैक्षिक प्रमाण-पत्र मंगाकर खुद ही दो कम्पनियों में नौकरी करते हुए वहा से लाखों रुपयों की चोरी कर ली। पीड़ित युवक ने एसएसपी मुजफ्फरनगर से अज्ञात युवक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। रामराज थानाक्षेत्र के ग्राम देवल निवासी मोहित पुत्र लख्मीचंद मुजफ्फरनगर के श्रीराम कालेज में बीकॉम का छात्र है। आरोप है कि उसके मोबाईल पर एक अज्ञात युवक ने कॉल करके नौकरी का झांसा देते हुए अपने मोबाईल पर उसके आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित सभी शैक्षिक प्रमाण-पत्र मंगा लिए तथा खुद उसके शैक्षिक प्रमाण-पत्रों से कथित रूप से हरियाणा के सोनीपत में नोकरी करते हुए वहा से 165000 हजार रुपयों की चोरी करके फरार हो गया। उक्त मामले की जानकारी उसे तब हुई जब कम्पनी के कर्मचारियों ने प्रमाण-पत्रों पर लिखे पते के आधार पर उसके पास आकर सीसीटीवी फुटेज दिखाकर मामले से अवगत कराया। यही नहीं इसके बाद आरोपी अज्ञात युवक ने उसके शैक्षिक प्रमाण-पत्रों से जनपद बिजनोर के कस्बा धामपुर की एक फाइनेंस कम्पनी में नोकरी करते हुए वहा से 95000 रुपयों की चोरी कर ली। पीड़ित छात्र मोहित पुत्र लख्मीचंद ने अपना भविष्य बर्बाद होने से बचाने के लिए एसएसपी मुजफ्फरनगर से न्याय की गुहार लगाते हुए अज्ञात युवक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

प्रॉपर्टी बिकाऊ है

1. मकान (स्थान : कुन्दनपुरा, क्षेत्रफल: 140 वर्ग गज, नाप : 42 फीट चौड़ा X 28.5 फीट गहरा + 8 फीट X 8.3 फीट कोठरी, दो मंजिला, तीन तरफा सड़क, मार्किट या बड़ी दुकान बनाने के लिए भी उपयुक्त)।

2. दुकान (स्थान : लोहिया बाजार, क्षेत्रफल : 53 वर्ग गज, नाप: 12 फीट चौड़ी X 40 फीट गहरी, दो मंजिला, 1 कमरा तीसरी मंजिल पर)।

खरीदने के लिए संपर्क करें: 9557568883

रसूलपुर दभेड़ी में रास्तों की हालत हुई बहुत ही खस्ता

बुढ़ाना, 22 मार्च (बु.)। स्थानीय ब्लाक के गांव रसूलपुर दभेड़ी के रास्तों की हालत बहुत ही खस्ता है। कोई भी वाहन कभी भी फंस जाता है। फिर चाहे वो किसी की बाइक हो या फिर किसी का ट्रेक्टर, जिसके चलते ग्रामीणों के साथ-साथ यहां से गुजरने वाले राहगीरों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। ग्राम प्रधान को यहां के लोगों की समस्या से कोई भी मतलब नहीं है। बुधवार को इस मार्ग पर एक ट्रेक्टर फंस गया, जिसको निकालने के लिए काफी मशक्कत उठानी पड़ी। उक्त मार्ग की हालत बेहद दयनीय बनी है। अब तक प्रशासन ने इस मार्ग का सुधार शुरू नहीं कराया। इन मार्गो से गुजरने में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव रसूलपुर दभेड़ी की इस सड़क की हालत बारिश में इतनी खराब हो गई है कि सड़क में गड्ढे हो गए हैं। इस रास्ते से पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। सड़क से बाइक निकालते समय काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर हमेशा कीचड़ फैली रहती है। जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढे हो रहे हैं, जिसमें पानी भरा हुआ है। दिन में तो गड्ढों से बचकर निकल जाते हैं, लेकिन

रात के अंधेरे में सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

सड़क की हालत को देखकर बाइक चालकों की गड्ढों में गिरने की पूरी आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उनके गांव की इस सड़क की मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाए, जिससे कि उन्हें रास्तों से गुजरने में आसानी हो।

रसूलपुर दभेड़ी में अटा नाला, निकासी नहीं

बुढ़ाना, 22 मार्च (बु.)। गांव रसूलपुर दभेड़ी में अवैध रूप से दूध की डेयरी चलाने वालों पर कोई कार्रवाई न करने का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। डेयरी संचालक बेखौफ होकर नाले और नालियों में गोबर बहा रहे हैं। इससे जल निकासी की समस्या पैदा हो रही है व साथ ही ग्रामीण नालियों से उठने वाली दुर्गंध से बहुत ही परेशान है। इस संबंध में भाकियू कार्यकर्ता मौहम्मद आशू ने इसकी शिकायत बुधवार के दिन भाकियू ब्लाक अध्यक्ष संजीव पंवार को बताया, तो उन्होंने तुरंत गांव रसूलपुर दभेड़ी में अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर गोबर से चोक पड़े नाले की दुर्दशा देखी, तो भाकियू कार्यकर्ता मौहम्मद आशू को उन्होंने आश्वासन दिया और कहा कि वे इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से बातचीत करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि डेयरी संचालक गोबर को नालियों में बहा रहे हैं, जिस वजह से नालियां अटी रहती हैं और कई बार तो ओवर फ्लो होकर सारी गंदगी सड़क पर फैल जाती है। नालों नालियों में गोबर बहाने का सिलसिला लगातार जारी है।

करहेड़ा में कब्रिस्तान की भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। जानसठ तहसील के ग्राम करहेड़ा परगना भोकरहेडी के दर्जनों अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीएम कार्यालय पर पहुंचकर बुधवार को कब्रिस्तान भूमि खसरा नम्बर 419, जिसका रकबा एक बीघा एक बिसवा है, की पैमाइश कराकर उक्त भूमि पर किए कब्जे से मुक्त कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। बुधवार को डीएम कार्यालय पर ज्ञापन देने पहुंचे ग्राम करहेडा के अल्पसंख्यकों ने बताया कि गांव के कब्रिस्तान की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से दबंगों द्वारा किए गए कब्जे को हटवाए जाने की मांग करते हुए बताया कि ग्राम करहेड़ा के अल्पसंख्यक समुदाय का सैकडों वर्ष पुराना कब्रिस्तान है, जिसका खसरा नम्बर 419 का रकबा एक बीघा एक बिसवा कागजों में दर्ज है। उन्होंने बताया कि गांव के उक्त कब्रिस्तान की भूमि पर कुछ लोगों ने नाजायज कब्जा कर निर्माण करना चाहते हैं, जिससे मौके पर वर्तमान में कब्रिस्तान का रकबा ही कम हो गया है। ग्रामीणों ने कब्रिस्तान की भूमि की पैमाईश कराकर कब्जेधारियों का बेदखल किए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से शाहरूख, फैय्याज, नवाब अली, मोमीन, अमीर खां, दीन मौहम्मद, हाशिम, आजाद, शमशाद, हारून, साबिर अली आदि कई ग्रामीण मौजूद रहे।

रुड़की रोड व्यापार संगठन की बैठक में समस्याओं पर मंथन

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। रुडकी रोड व्यापार संगठन की संपन्न बैठक में नगर क्षेत्र में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी ने नगरपालिका द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के निदान में हो रही देरी के लिए डीएम को ज्ञापन देते हुए समस्याओं के समय रहते निदान किए जाने की मांग की। रुडकी रोड व्यापार संगठन के अध्यक्ष विजय कुच्छल की अध्यक्षता व उदित किंगर के संचालन में संपन्न बैठक में नव निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया गया। इस दौरान रविन्द्र सिंह गंभीर, अनिल मित्तल, अनिल सोबती, शैलेष कुच्छल, सागर धमीजा, हरीश धमीजा, दीपांशु कुच्छल आदि मौजूद रहे।

शाहपुर में नामदेव मंदिर में समस्त नामदेव समाज द्वारा ध्वजारोहण हुआ

शाहपुर, 22 मार्च (बु.)। नगर के श्री नामदेव मंदिर शिवालय में समस्त नामदेव समाज के द्वारा झंडी चढ़ाई गई और हवन कराया गया और प्रसाद वितरण किया गया। भगवान नामदेव का पूजन किया गया। इस दौरान समस्त नामदेव समाज के बंधु मौजूद रहे और सभी ने भविष्य में एक साथ मिलकर चलने का प्रण दिया। प्रधान राधेश्याम नामदेव, प्रधान घनश्याम नामदेव (मुन्ना नामदेव चाट वाले), राजेश कुमार नामदेव, मुकेश नामदेव, बबली नामदेव, विनोद नामदेव, सुरेश चंद्र नामदेव, जयपाल नामदेव, राजेंद्र नामदेव, अमित नामदेव, गौरव नामदेव, ओमप्रकाश नामदेव, अब्बल नामदेव, जय भगवान नामदेव, सुधीर नामदेव, रोहित नामदेव, मनोज नामदेव, बिंदर नामदेव, रोहतास नामदेव, सतपाल नामदेव, राकेश नामदेव, सौरभ

नामदेव, क्रिश नामदेव, शिवांक नामदेव, निखिल नामदेव, विशु नामदेव, अनुज नामदेव, प्रमोद नामदेव, राजू नामदेव, अरुण नामदेव, मांगा, विनय नामदेव, सावंत नामदेव, विकास नामदेव, हिमांशु नामदेव, बबलू नामदेव, नंदकिशोर नामदेव, हरिचरण नामदेव, बिट्टू नामदेव, नवनीत नामदेव, सिद्धार्थ नामदेव, दीपक नामदेव, सुमित नामदेव, गौरव नामदेव, अमित नामदेव, मोहन नामदेव, सूर्यांश नामदेव, आशुतोष नामदेव, सौरभ नामदेव आदि मौजूद रहे। यह जानकारी नामदेव समाज समिति के अध्यक्ष सोनू नामदेव ने दी है।

।।श्री गोवर्धन जयतेः।।

चुनाव सूचना

पुष्टिमार्गीय हवेली श्री गोवर्धन नाथ जी मंदिर
71-घेर खत्ती, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)-251001

मान्यवर,

आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि पुष्टिमार्गीय हवेली श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर, 71-घेर खत्ती, रोड नम्बर-13, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष व महामंत्री का चुनाव 3 (तीन) वर्ष के लिए दिनांक 23.04.2023 (तेइस अप्रैल दो हजार तेइस), दिन-रविवार, दोपहर 12:00 बजे मंदिर प्रांगण में होना निश्चित हुआ है।

अतः आपसे अनुरोध है कि समय पर पधारकर चुनाव में भाग लें।

जितेन्द्र कुमार शर्मा (चुनाव अधिकारी) मो. : 9457687687
मनोहर लाल भाटिया (सहचुनाव अधिकारी) मो. : 9536103242

छेड़खानी व कातिलाना हमले में मुकदमा दर्ज

पुरकाजी 22 मार्च (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव भैसानी में युवती से हुई छेड़खानी की घटना में दो पक्षों में हुई मारपीट में पुलिस ने युवती की तहरीर पर गांव भैसानी के सविन व अमित सहित दो अज्ञात लोगों के विरूद्ध छेडखानी का मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार को युवती के साथ छेड़खानी की घटना के जमकर मारपीट हुई थी। वहीं दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार सगे भाईयों कुलविन्द्र, रवि, जोशी, प्रदीप पुत्रगण नरेन्द्र, धीरसिंह, वीरसिंह, नरेन्द्र पुत्रगण जग्गा व शिवम के विरूद्ध कातिलाना हमले व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

डॉ. हेडगेवार के जन्म दिवस पर किया उनके योगदान को याद

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से आरंभ होने वाले भारतीय नववर्ष माँ दुर्गा के पूजन के साथ धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार की जयंती के उपलक्ष्य में कॉलेज में श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य हरिओम गणपति सहस्त्रबुद्धे ने मां दुर्गा एवं मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने समस्त विद्यालय परिवार को हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के महत्व पर विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि से ही हिन्दू नववर्ष प्रारंभ होता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार आज के दिन ब्रह्माजी के द्वारा सृष्टि की रचना आरंभ, महाराजा विक्रमादित्य की स्मृति में विक्रम संवत प्रारंभ, श्री दुर्गा पूजा हेतु नवरात्रि आरंभ, राजा श्री रामचंद्र जी का राज्य अभिषेक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव राव बलीराम हेडगेवार जी का जन्म दिवस, संत झूलेलाल जी का जन्मोत्सव जैसे अनेक संस्मरण जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि हमारे व्रत व त्यौहार वास्तव में समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। इसके साथ समाज को संस्कारों से पूर्ण करते हैं। इस बीच शक्ति की आराधना हमारी माता बहनों को सम्मान एवं आदर देने का संस्कार देता है, वहीं डॉ. हेडगेवार जी का चरित्र हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण, राष्ट्र प्रेम, सद्भाव और समरसता की ओर अग्रसारित करता है। ऐसे में उनके क्रांतिकारी चिंतन एवं मंथन का प्रतिफल था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संस्कारशाला के रूप में शाखा पद्धति की स्थापना दिखने में वैसे तो साधारण, किंतु परिणाम में बड़ी चमत्कारी सिद्ध हुई। उन्होंने डॉ. केशव राव बलीराम हेडगेवार के चित्र के सम्मुख श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नवरात्र प्रारंभ होने पर संगीत आचार्य अमित शर्मा समेत सभी आचार्यों एवं समस्त छात्रों के साथ मां दुर्गा जी का गुणगान किया। उन्होंने नवरात्रि के उपलक्ष्य में बच्चों से पूर्ण आस्था एवं पवित्रता के साथ माँ दुर्गा का व्रत-पूजन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर छात्रों को तिलक लगाकर और नव वर्ष कार्ड देकर नववर्ष एवं नवरात्रों की शुभकामनाएं प्रदान की। प्रबंध समिति ने भी समस्त विद्यालय परिवार को नव वर्ष की बधाई दी।

जिला स्तरीय पड़ौस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन ताराचंद वैदिक पुत्री डिग्री कॉलेज हॉल में हुआ

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (सूवि.)। नेहरू युवा केन्द्र मुजफ्फरनगर द्वारा पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन जी-20 पर आधारित थीम वसुदेव कुटुम्बकम पर ताराचंद वैदिक पुत्री डिग्री कॉलेज हॉल में किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल (व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग) द्वारा किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में वैश्विक पटल पर भारत के बढ़ते स्वरूप तथा प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में चलाए गए विभिन्न अभियानों का जिक्र किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से देश में चल रहे घटनाक्रमों की जानकारी रखने तथा संसद की तरह ही ग्रामीण स्तर तक मॉक संसद आ

पुरकाजी गंगनहर में मिला युवक का तैरता शव

पुरकाजी 22 मार्च (बु.)। थाना क्षेत्र में गंगनहर धमात के पास युवक का शव तैरता मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और शव कां गंगनहर से निकाल पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जनपद गाजियाबाद के गांव डासना मसूरी निवासी 17 वर्षीय आसिफ 10 दिन पहले कलियर रूडकी उत्तराखण्ड में आया था, जहां पर नहाते समय आसिफ गंगनहर में डूब गया था। जानकारी मिलने पर परिजन आसिफ की गंगनहर में तलाश कर रहे थे। बुधवार को उसका शव धमात पुरकाजी गंगनहर में तैरता मिला। मृतक के पिता लछिया ने बताया कि हम लोग कई दिनों से उसकी तलाश कर रहे थे।

नहीं दिखा चांद, रमजान जुमे से

मुजफ्फरनगर। रमजान उल मुबारक का चांद बुधवार को नहीं दिखाई दिया। इसके बाद पहला रोजा अब जुमे को रखा जाएगा। इसी के साथ रमजान का चांद दिखने के बाद शुरू होने वाली विशेष नमाज-ए-तरावीह से इबादतगाहें जुमेरात से शुरू होंगी। इमाम संगठन के प्रदेश सदर मुफ्ती जुल्फिकार ने बताया कि मरकजी चांद कमेटी ने रमजान का चांद न दिखने का एलान किया है। कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने बताया कि रमजान का चांद बुधवार को नहीं दिखाई दिया। वहीं शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने भी चांद न दिखने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पहला रोजा शुक्रवार को रखा जाएगा। इस बीच सऊदी अरब में आज चांद का दीदार हो गया और वहां रमजान जुमेरात से शुरू हो जाएंगे।

सऊदी अरब में ऐसे दिखा चांद

रामपुर तिराहा कांड: पुलिसकर्मी की जमानत पर सुनवाई स्थगित

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। चर्चित रामपुर तिराहा कांड में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी राकेश कुमार मिश्रा की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज भी नहीं हो सकी। सीबीआई के लोक अभियोजक के न आने से अभियोजन पक्ष ने सुनवाई पर स्थगन की गुहार लगाई। इसके बाद सुनवाई 24 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। रामपुर तिराहा कांड में एक आरोपी राकेश मिश्रा को सीबीआई ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बचाव पक्ष की ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर सात के पीठासीन अधिकारी शक्ति सिंह ने मामले में सुनवाई के लिए 24 मार्च नियत की है।

मौसम गर्माया पर अभी बारिश का एक और दौर संभव

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। धूप खिलने के बाद एक बार फिर मौसम गर्माया और दिन का तापमान छह डिग्री उछलकर 26.5 डिग्री पर चला गया। हालांकि रात का पारा गिरकर 12.6 पर दर्ज किया गया। इस बीच पहाड़ों पर एक और पश्चिम विक्षोभ का असर निचले इलाकों पर देखने मिल रहा है। इसके चलते आफत की बारिश एक बार फिर से देखने को मिल सकती है। पंजाब , हरियाणा ,उत्तराखंड पश्चिमी उत्तर प्रदेश , दिल्ली व राजस्थान में एक बार फिर से बारिश होने की संभावना जताई गई है। 23 मार्च से लेकर 25 मार्च तक बारिश की गतिविधि देखने को मिल सकती हैं। ठंडी -ठंडी हवाओं की वापसी हो सकती है। एक या दो स्थानों पर ओले गिरने की संभावना के साथ गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। 23 मार्च से दोपहर या देर शाम तक बादलों की आवाजाही शुरू हो जाएगी जोकि 25 मार्च तक जारी रहेंगी।

कोरोना से मचा हड़कंप: सहारनपुर में फिर मिले तीन नए संक्रमित

सहारनपुर, 22 मार्च (एजेंसी)। सहारनपुर जनपद में कोरोना का संक्रमण अब धीरे-धीरे फैलने लगा है। बुधवार को 60 वर्षीय महिला सहित तीन और कोरोना के मरीज मिले हैं। इनकी तीन दिन पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर कोरोना जांच हुई थी। सभी को घर पर आइसोलेट किया है।

खाईबाड़ी करते दबोचा

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। जनकपुरी में एक मकान में चल रहे सट्टाघर पर पुलिस ने छापा मारकर सट्टा कर रहे मकान मालिक को हजारों की नकदी व सट्टा पर्चियों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि मौहल्ला जनकपुरी में एक मकान में सट्टे की खाईबाड़ी की जा रही है। इस सूचना पर पुलिस ने बताए गए मकान पर छापा मारा। पुलिस के अनुसार वहां मकान का मालिक दीपक उर्फ काका सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से हजारों की नकदी व सट्टा पर्चियां बरामद की और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

पत्नी व बच्चों को बेचने का लगाया आरोप

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। एक युवक ने अपने ममेरे सुसर सहित कई लोगों पर उसकी पत्नी व बच्चों को बेच देने का आरेप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर कोतवाली पर अदालत के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट में रोहाना निवासी सोनू कुमार ने बताया कि वह सहारनपुर में एक फैक्ट्री में नौकरी करता है। उसने बताया कि 16 नवम्बर 2022 में उसकी पत्नी के मामा ने उसकी पत्नी को अपने घर मुरादनगर बुलाया था, जिसके बाद उसकी पत्नी अपने पुत्र व पुत्री के साथ लापता हो गई। आरोप है कि जब उसने अपनी पत्नी के मामा से अपनी पत्नी व बच्चों के विषय में पूछा, तो उसने बताया कि उसकी पत्नी व बच्चों को बागपत जनपद के युवक को एक लाख रुपयों में बेच दिया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

गौवंश की टक्कर से बाइक सवार तीन व्यक्ति घायल

कांधला, 22 मार्च (बु.)। क्षेत्र के पूर्वी यमुना नहर नाला पटरी मार्ग के निकट गौवंश की टक्कर से बाइक सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिये मेरठ रैफर किया गया। जनपद बागपत निवासी 45 वर्षीय तौहित अपने साले 25 वर्षीय मुस्तफा व राशिद के साथ बाइक पर सवार होकर छपरौली से शामली रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार कांधला नहर पटरी नाला मार्ग पर पहुंचे, तो खेत से अचानक निकले गौवंश की टक्कर से बाइक सवार मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तीनों घायल को उपचार के लिये शामली भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने घायलों को उपचार के लिये मेरठ रैफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार तीनों की हालत चिन्ताजनक बताई जा रही है।

भर गया फाइलों का पेट, नहीं खत्म हुए सड़कों के गड्ढे

शासन के आदेश टोकरी में पड़े हैं, जिधर देखिए गड्ढे ही गड्ढे हैं

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। यहां भी गड्ढे हैं, वहां भी गड्ढे हैं। जिधर देखिए गड्ढे ही गड्ढे हैं। सरकार के गड्ढा मुक्त सड़क अभियान के तहत रिपोर्टें से भेजकर कागजों का पेट तो भर दिया गया, लेकिन हकीकत इन रिपोर्टों के कोसों दूर है। शहर में तमाम सड़कों पर फैले खतरनाक गड्ढे नगर पालिका समेत तमाम व्यवस्थाओं की कलई खोल रहे हैं। हालत यह है कि शहर के सबसे व्यस्त माने जाने वाले इलाकों में भी घातक गड्ढे व्यवस्था के जिम्मेदारों को नजर नहीं आ रहे, जबकि यह जिम्मेदार लोग रोज इन सड़कों से खुद भी गुजरते हैं। इसके अलावा शासन के आदेशों के बावजूद घातक स्पीड ब्रेकरों पर भी कोई लगाम लगाने में व्यवस्था कामयाब नहीं हो पाई है।

प्रदेश सरकार ने पूरे प्रदेश में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए अभियान चलाकर सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के आदेश दिए थे। इसके बाद शहर और जिले में भी इसे लेकर अभियान चलाने के दावे किए गए। मुजफ्फरनगर पालिका की ओर से शासन को रिपोर्ट भी भेज दी गई। इस दौरान कुछ गड्ढे भरे भी गए, लेकिन स्थिति यह है कि शहर की तमाम सड़कों पर घातक गड्ढे आज भी कायम हैं। पूर्व में चलाए गए अभियान में कुछ प्रमुख मार्गों पर ही गड्ढे भरवाए जा सके। इसके अलावा तमाम गली मुहल्लों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। हैरत की बात सड़कों की गुणवत्ता को लेकर है। सड़कें बनती हैं और उखड़ने लगती हैं। गड्ढों की स्थिति यह है कि कचहरी जैसे शहर के सबसे महत्वपूर्ण इलाके के चारों ओर सड़कों में गड्ढे हैं। प्रकाश चौक, कोर्ट रोड, सदर बाजार आदि तमाम इलाकों में गड्ढे हैं। मालवीय चौक पर पर सिविल लाइन थाने के सामने सड़क में कई स्थानों पर गड्ढे हैं। रेलवे रोड के अलावा इससे निकल कर महावीर चौक की ओर जाने वाली सड़क की हालत तो बेहद खस्ता है। वैसे शहर की सबसे गड्ढेदार और टूटी फूटी सड़कों वाले इलाके का चयन करना हो तो यह क्षेत्र शहर का सबसे महंगा इलाका कहे जाने वाला सदर बाजार का व्यस्त बिजनेस क्षेत्र है, जहां कई बड़े नर्सिंग होम और चिकित्सक भी हैं। पालिका की कमीशन खोरी के सबसे बड़े गवाह इस इलाके में इसके ठेकेदारों और उन अधिकारियों की तकनीकी दक्षता भी समझ में आ जाती है, जिन्होंने इस मार्ग को बनाया और जिनकी देखरेख में सदर बाजार की सड़कें बनी और इसके लिए गुणवत्ता सर्टीफिकेट देकर इसका भुगतान कराया गया। सदर बाजार की एक भी रोड सही स्थिति में नहीं है। कचहरी गेट के बराबर और इससे आगे की दो सड़कें तो लगभग खत्म हो चुकी हैं। सड़क से निकलते ही कोर्ट रोड पर गहरे गड्ढे आपका स्वागत करते हैं। इस सड़क की स्थिति यह है कि यहां पहले सीमेंट की सड़क थी। पालिका के योग्य ठेकेदार और अधिकारियों ने इस सड़कों को खोदे बिना पूर्व में बनी सीमेंट की सड़क पर ही तारकोल की रोडियां बिछाकर पैसा हजम कर लिया। जैसा कि होना था सीमेंट को रोडियां पकड़नी ही नहीं थीं। जल्द ही यह रोड़ियां उखड़ गईं। ऐसे में इस सड़क पर बने जख्म आम आदमी को दर्द दे रहे हैं। गड्ढा मुक्ति अभियान में इस सड़क की सुध ही नहीं ली गई। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का एक सुबूत हाल में बनी मेरठ रोड पर कमला नेहरू वाटिका के पास सड़क में बन गया गहरा गड्ढा है। इस गड्ढे पर ईंटें रखकर लोगों को इसमें फंसने से रोका जा रहा है। जाट कालौनी की तमाम सड़कें खस्ता हाल हैं। वीआईपी क्षेत्र माने जाने वाले सिविल लाइन दक्षिणी और उत्तरी की सड़कों का हाल भी कुछ अलग नहीं है। जिन स्थानों पर मेन होल हैं वहां तो सड़क चारों ओर से टूटी है। जहां सीमेंट की टाइल्स बिछाई गई हैं, वहां निर्माण कार्य की गुणवत्ता इस बात से पता चल जाती है कि सड़क बनाकर ठेकेदार और पालिका के अफसर पैसा तो बांट लेते हैं, लेकिन जमीन को समतल किए बिना बिछाई गई टाइल्स कुछ ही दिनों बाद धंसकर गड्ढों की शक्ल ले लेती हैं। ऐसी स्थिति तो कमोबेश सभी टाइल वाली सड़कों की है। कहने को निर्माण करने वाले ठेकेदार और पालिका दोनों की जवाबदेही इसे लेकर है, लेकिन चोर चोर मौसेरे भाई वाली कहावत इसमें चरितार्थ होती नजर आ रही है और इसका खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ता है। हालत यह है कि गुणवत्ता की कमी के चलते ही सड़कों पर जगह-जगह पानी भरने के बाद गड्ढे आकार लेने लगते हैं। हाल की बारिश से गड्ढों की तादाद और आकार फिर से बढ़ा है।

बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने किया श्री अनन्त पर्व पत्रिका का विमोचन

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। वर्ष भर के त्यौहारों और तिथियों का संग्रह श्री अनन्त पर्व पत्रिका का विमोचन आज मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक तथा भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ ने किया। उन्होंने मंदिर में भोले नाथ और मां अंबे की आरती की और सभी को नूतन भारतीय संवत्सर की शुभकामनाएं दीं। गांधी कॉलोनी स्थित श्री अनंतेश्वर महादेव मंदिर में सांयकालीन आरती के साथ श्री अनन्त पर्व पत्रिका के 31 वें अंक का विमोचन बड़े हर्षोल्लास के साथ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी एवं सम्पादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन अंकुर दुआ और उनकी धर्म पत्नी पूजा दुआ ने किया। अंकुर दुआ ने सभी को नव संवत्सर की शुभकामनाएं दीं और पर्व पत्रिका की महत्ता पर अपने उद्बोधन में कहा कि यह पत्रिका विगत 31 वर्षों से प्रकाशित होकर प्रचारित हो रही है जिसका लाभ जनमानस को मिल रहा। यह पत्रिका विद्वानों के परामर्श एवं श्री अन्नतेश्वर महादेव मंदिर के संस्थापक एवं अध्यक्ष महात्मा सवार्नद पुरी जी के अथक प्रयास से तैयार की जाती है। मंदिर के संस्थापक महात्मा सवार्नद पुरी जी ने इस मौके पर सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुल्कराज तागरा, धर्मेन्द्र सिंह, महेन्द्र मलिक, पंडित सतीश चन्द्र शर्मा, पंडित प्रियान्शु शर्मा, अनिल धमीजा, राज भूषण शर्मा, श्यावीर शर्मा तथा प्रणव शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुल्कराज तागरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर आरती में बड़ी संख्या में नर नारी उपस्थित रहे और सभी ने नव संवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए शहर, जनपद तथा देश प्रदेश में शांति और खुशहाली की कामना की।

पटाखा फैक्ट्री में आग, 8 की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के कांचीपुरम में बुधवार को पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हुए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कांचीपुरम कलेक्टर एम. आरती ने बताया कि फैक्ट्री में 25 लोग काम कर रहे थे। धमाके से फैक्ट्री की पूरी बिल्डिंग ढह गई।फायर सर्विस की टीम और जिला पुलिस रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में आग से मौत की एक हफ्ते में यह दूसरी घटना है। इससे पहले राज्य के धर्मपुरी में गुरुवार को पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई थी, एक व्यक्ति घायल हुआ था। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मृतकों के परिवार को 3-3 लाख और घायल को एक लाख मुआवजा देने की घोषणा की थी।

आवश्यकता है
मुजफ्फरनगर में ज्वैलरी शोरूम के लिए युवक - युवतियों की
वॉक-इन-इंटरव्यू 23-24 मार्च 2023 प्रात:11 बजे से सायं 5 बजे तक
होटल - रेडियंट इन, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
1. Store Manager
2. Cashier - Billing - Accountent
3. Customer care Executive
4. Counter Sales Executive 5. Peon
इच्छुक उम्मीदवार अपने नवीनतम बायोडाटा, एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड के साथ निम्नलिखित पते पर भेजें।
54-B, वकील रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
M: 9837405000

कोरोना कर्फ्यू भूल गए वो सन्नाटे में सिसकती जिंदगी

- 22 मार्च को लगा था जनता कर्फ्यू, और इसके बाद लॉक डाउन
- देश भर के अस्पतालों में रोगियों की कतार और लाशों के अंबार
- बेबस घरों में कैद रहकर दवा और रोटी के लिए तरसते दिखे थे लोग
- फिर कोरोना की दस्तक: ईश्वर करे वो दिन फिर वापस ना लौटे

ऋषिराज राही

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। वो भयावह दिन। कोरोना की गिरफ्त में जकड़ा देश और दुनिया। इस दौरान 22 मार्च 2020 को ही लिया गया था जनता कर्फ्यू का फैसला। इसका उद्देश्य था कोरोना के फैलाव को रोकना, लेकिन लंबे समय तक चला कोरोना कर्फ्यू का सिलसिला उस खौफनाक दौर का साक्षी रहा है, जिसे हम भूल चुके हैं। ऐसे में फिर से लगातार बढ़ रहे कारोना के मामलों के बीच इस बात को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक हैं कि क्या इतिहास फिर खुद को दोहराएगा या फिर क्या हमने उस सार्वजनिक बंदी से कोई सबक लिया है?

देश के इतिहास में 22 मार्च की तारीख को भारत के लोग शायद ही कभी भुला पाएं। यह वो दिन है जब देश में जनता कर्फ्यू और उसके बाद तीन महीने के लॉकडाउन का ऐलान किया गया था। वह अजब खौफ का दौर था। टीवी पर लाशों की कतारें देख कर सिहरन हो रही थी। परिजन भी भयवश अपने ही सगे संबंधियों का अंतिम संस्कार करने से कतरा रहे थे। शवों को चुपचाप नदियों में बहाना या फिर नदी किनारे दबा कर छोड़ आना। बड़े से लेकर छोटे अस्पतालों में बेड ना होने के कारण फर्श पर तड़पते और शवों में तब्दील होती मानवता। ऑक्सीजन और रेडमीसिवर के लिए मारामारी के आलम के बीच कुछ लोग इसे काला बाजारी का धंधा बनाकर मानवता को कलंकित कर रहे थे। ऐसे में देश में एक बड़ा अमला भी था जो जिंदगी मौत की परवाह किए बिना अपने कर्तव्य के प्रति रात दिन समर्पित रहते हुए सेवा में जुटा था। इन असामान्य परिस्थितियों में सरकार के लिए भी कम बड़ी चुनौती नहीं थी। दुनिया के कई देश जब लॉक डाउन के सहारे कोरोना की जंग लड़ रहे थे तो भारत में भी सरकार को ऐसा ही मुश्किल फैसला लेना पड़ा और पूरा देश घरों में कैद होकर रह गया। यह सबकुछ उपचार नहीं था, लेकिन कोरोना के फैलाव को थामने की कवायद थी। तमाम चिकित्सक और पैरा मैडीकल कार्मिकों के अलावा सफाई व अन्य सेवा कार्य में जुटे लोगों के लिए यह परीक्षा की घड़ी थी। ऐसे में जब दुनिया कोरोना वैक्सीन के परीक्षण में लगी थी और चीन अपने दरवाजे बंद किए हुए था, हमारे वैज्ञानिकों ने अपकी काबलियत और सरकार के सक्रिय संरक्षण के बीच वैक्सीन तैयार करने में ना केवल सफलता पाई बल्कि देश के साथ दुनिया के कई देशों को कोरोना भयावह त्रासदी के बीच मानवीयता का संदेश देते हुए वैक्सीन पहुंचाई। देश में सरकार के सहयोग से करोड़ों लोगों का निशुल्क वैक्सीनेशन हुआ। इसकी मूर्खता पूर्ण राजनीतिक आलोचनाओं के बीच आखिर उन लोगों को भी वैक्सीन का सहारा लेना पड़ा जो इसे भाजपा की और सरकारी वैक्सीन बताकर लांछित कर रहे थे। 22 मार्च 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए एक दिन के जनता कर्फ्यू का ऐलान किया था। पीएम मोदी की एक अपील पर 22 मार्च 2020 (रविवार) को पूरे देश की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया था। क्या शहर और क्या गांव, हर गली सब तरफ खामोशी छा गई थी। कोरोना की कड़ी को तोड़ने के लिए सबकुछ बंद था। देश को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने लोगों से यह भी कहा था कि मास्क पहन कर बाहर निकलें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, हाथ को अच्छी तरीके से धोते रहें और कोरोना के सभी गाइडलाइन का पालन करें। जनता कर्फ्यू को तीन साल हो गए हैं। भले ही कोरोना अभी गया नहीं है लेकिन मोदी सरकार की कोशिशों के चलते इस पर काफी हद तक काबू पा लिया गया। कोरोना के खिलाफ जंग में वैक्सीनेशन ने पूरा-पूरा साथ दिया। यह मोदी सरकार के भरसक प्रयास ही हैं कि इतनी बड़ी आबादी वाले भारत में हर नागरिक तक कोरोना वैक्सीन पहुंचाई गई। लॉक डाउन कोई आसान फैसला नहीं था, लेकिन मजबूरी थी। सब कारोबार और उद्योग धंधे ठप्प होने का असली मतलब उनसे पूछिए जो घरों से दूर रहकर दो रोटी के जुगाड़ में लगे थे, लेकिन कोरोना ने उनसे यह भी छीन लिया था। सरकार के साथ तमाम सामाजिक संगठन और स्वयंसेवी सड़कों पर उतरे और जरूरतमंदों को दवा और खाना उपलब्ध कराने की मैराथन कोशिशें हुईं। ऐसे में बेकारी के चलते घरों को लौटने की दुश्वार कोशिशों में लाखों लोगों ने ना केवल कष्ट सहे, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को जान भी गंवानी पड़ी। आज जब कोरोना के मामले फिर से बढ़ते दिख रहे हैं और हम बेखौफ हैं तो अतीत का यह सबक इतना तो कहता ही है कि अगर थोड़ी सावधानी रख पाएं तो लॉकडाउन जैसे गंभीर फैसलों से बचा जा सकता है। इस सीख से कोरोना का फैलाव फिर से रोकने में मदद मिलेगी।

कब कब लगा लॉकडाउन

प्रथम चरण: 25 मार्च 2020 से 14 अप्रैल 2020 (21 दिन) द्वितीय चरण: 15 अप्रैल 2020 से 3 मई 2020 (19 दिन) तृतीय चरण: 4 मई 2020 से 17 मई 2020 (14 दिन) चतुर्थ चरण: 18 मई 2020 से 31 मई 2020 (14 दिन)। इसके अलावा नाइट कर्फ्यू का लंबा दौर।

पुलिस पर फायर कर भागते बदमाश को दबोचा

- गंगनहर की पटरी पर हुई खतौली पुलिस की मुठभेड़

खतौली, 22 मार्च (बु.)। कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के पश्चात एक कुख्यात अभियुक्त को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार शासन के आदेशानुसार अपराधियों को उनके अन्जाम तक पहुंचाने में कोतवाली पुलिस निरन्तर प्रयासरत बनी दिखाई पड़ रही है। इस ऑपरेशन क्लीन अभिमान के अन्तर्गत सीओ डा. रविशंकर व कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार के निर्देशन में उप-निरीक्षक मोहित चौधरी के नेतृत्व में राहुल नागर, सुधीर शर्मा, सोनू व शिवम यादव पुलिस कर्मियों द्वारा मुखबिर की सूचना पर गंगनहर पटरी के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया तो उसके द्वारा पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया, परन्तु कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया तथा अभियुक्त से एक तमंचा 315 बोर एवं खोखा व एक जिन्दा कारतूस भी बरापद किया। कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अब्दुल समद पुत्र मुन्ना जख्मी निवासी मौहल्ला सद्दीकनगर कस्बा खतौली है, जिसके विरुद्ध अनेक थानों में कई अभियोग दर्ज हैं। दूसरी ओर कोतवाली पुलिस द्वारा मुखिबर की सूचना पर गांव जसौला में एक मकान में जुआ खेलते हुए जुआरियों अनूप, विपिन, टिन्कू को दबोचकर मौके से 2550 रुपये व ताश के पत्तों की गड्डी बरामद की है। इनको पुलिस ने जेल भेज दिया है।

योगी सरकार की पहल पर अब मंदिरों में गूंजेगे वैदिक मंत्र

नगर के 48 मंदिरों में श्री दुर्गा सप्तशती व अंखड रामायण पाठ की तैयारी

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। योगी सरकार के निर्देशों के बीच नगरपालिका परिषद ने क्षेत्र के दुर्गा मंदिरों में श्री सप्तशती पाठ और अखंड रामायण के पाठ किए जाने को लेकर अपना सर्वे पूरा कर लिया है। नगर पालिका के नगर क्षेत्र में वर्तमान में करीब 48 दुर्गा मंदिर प्रकाश में आए हैं, जिनमें से कुछ मंदिर तो ऐसे हैं, जिनमें अन्य भगवानों की भी मूर्तियां स्थापित है। नगर पालिका प्रशासन ने तमाम मंदिरों की रिपोर्ट बुधवार को पहले नवरात्र पर तैयार करने के साथ डीएम को सौंप दी है। इन मंदिरों में चैत्र नवरात्र के दौरान दुर्गा सप्तशती व नाम नवमी को अखंड रामायण का पाठ किए जाने का दावा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने चैत्र नवरात्रि के दौरान प्रदेश के श्री दुर्गा मंदिरों में इस बार श्री दुर्गा सप्तशती के साथ ही रामनवमी पर अखंड रामायण का पाठ कराने की घोषणा की है। योगी सरकार के जारी निर्देशों के बीच इसके लिए हर जिले में प्रशासन को एक लाख रुपए देने की बात कही है। सरकार की पहल पर शुरू किए गए आयोजन में श्री दुर्गा सप्तशती व अखंड रामायण के पाठ किए जाने के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित करने की सरकार की योजना है। ऐसे में डीएम के निर्देश पर जनपद में हर ब्लॉक, नगर पंचायत और नगर पालिका द्वारा अपने क्षेत्र में स्थित श्री दुर्गा मंदिरों का सर्वे कराया गया है। नगर पालिका मुजफ्फरनगर ने इस सर्वे का काम बुधवार को पूरा कर लिया। इस सर्वे के लिए नगर पालिका से करीब चार टीमों को लगाया गया था। पालिका द्वारा हुए सर्वे के अनुसार नगर क्षेत्र में करीब 48 मंदिर हैं। इन मंदिरों में श्री दुर्गा मूर्ति के अलावा अन्य भगवानों की भी मूर्तियां स्थापित है। पालिका ईओ हेमराज सिंह का कहना है कि सरकार के निर्देश पर पालिका क्षेत्र में किए गए सर्वे की रिपोर्ट डीएम को सौंपी जाएगी।

भारत माता की जय!! वन्देमातरम् !! भारत माता की जय!!
मेरी कलम भी वाकिफ है मेरे जज्बातों से।
मैं इश्क भी लिखना चाहूँ तो इंकलाब लिखा जाता है।।
-भगत सिंह
भारत माता के अमर सपूत
शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु जी
के बलिदान दिवस पर
॥ शत्-शत् नमन ॥
सुखदेव भगतसिंह राजगुरु
स. अमरजीत सिंह सिडाना (संरक्षक)
चौधरी नरेश अरोरा (चेयरमैन)
स. यशपाल सेठी काक्का (वाइस चेयरमैन)
राजेश कुमार बब्बल (वाइस चेयरमैन)
स. हनी सेखो (वाइस चेयरमैन)
प्रिंस अनेजा (जिलाध्यक्ष)
श्री अशोक बाठला (संरक्षक)
अखिल तागरा (जिला महामंत्री)
ओम प्रकाश बजाज (पूर्व जिलाध्यक्ष)
जोगेन्द्र ग्रोवर (जिला कोषाध्यक्ष)
विकास अरोरा (जिला व. उपाध्यक्ष)
पवन छाबड़ा (बंटी) (व. संगठन उपाध्यक्ष)
श्री अजय टंडन (संरक्षक)
प्रेमी छाबड़ा सभासद (जिला व. उपाध्यक्ष)
विवेक राज (जिला व. मंत्री)
राकेश ढींगड़ा (जिला व. मंत्री)
मुकुल दुआ (जिला व. उपाध्यक्ष)
शुभाकांक्षी शहीद भगत सिंह सेवादल (रजि.)
मुजफ्फरनगर के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण

श्री वैष्णो मंदिर में ध्वजारोहण के साथ नवरात्र महोत्सव प्रारंभ

मुजफ्फरनगर, 22 मार्च (बु.)। श्री वैष्णो देवी मंदिर गांधी कॉलोनी में बुधवार को पूजा-अर्चना के साथ नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ हो गया। अभियान की इस कड़ी में प्रथम नवरात्र के अवसर पर प्रातः 8 बजे नवरात्र महोत्सव के बीच गांधी कालोनी क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिला मंडल ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस बीच संपन्न ध्वजारोहण कार्यक्रम में पवन मित्तल ने सपत्नीक शामिल होकर पूजा की, वहीं प्रातः कालीन पूजन प्रदीप सिंघल ने सपत्नीक किया। मंदिर प्रांगण में भव्य भजन संध्या में विनोद शर्मा यमुनानगर वालों ने सुन्दर प्रस्तुतियों के माध्यम से माता रानी का गुणगान किया। वहीं सायं कालीन भव्य आरती राकेश शर्मा परिवार द्वारा की गई। इस दौरान मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों व फूलों से सजाया गया। मंदिर प्रांगण में भक्तों की इस बीच भीड़ लगी रही और हर ओर माता रानी के जयकारे गूंजते रहे। इस आयोजन में मंदिर समिति के पदाधिकारी दिनेश सिंह पुंडीर, विपिन फुटेला, प्रकाश दुआ, हरीश अड्डा, दिलीप मलिक, प्रिंस अनेजा, सुभाष अरोरा, राकेश सहगल, राकेश अरोरा, राजीव सिक्का आदि का विशेष सहयोग रहा।

हत्या व लूट में दो मुजरिमों को आजीवन कारावास

कैराना, 22 मार्च (बु.)। युवक की गोली मार कर हत्या करने व लूट के बाद में पुलिस मुठभेड़ के मामले में दोषसिद्ध पाये जाने पर अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र कुमार ने दो मुजरिमों को आजीवन कठोर कारावास व 10-10 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता संजय चैहान व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सतेन्द्र धीरयान ने बताया कि 15 अप्रैल 2019 को थाना भवन क्षेत्र के गांव इन्द्रगढ़ मजरा निवासी रामुकमार अपने पुत्र दीपक के साथ हसनपुर लुहारी गांव के स्टेट बैंक से 60 हजार रुपए निकाल कर बाइक द्वारा अपने गांव वापस जा रहे थे। रास्तें में बाइक सवार दो बदमाशो ने रामकुमार की बाइक में साइड मार कर गिरा दी तथा 60 हजार रुपए लूट लिए। दीपक द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने तमंचे से उसके पेट में गोली मार दी। सूचना पर डॉयल 112 पुलिस ने घायल को शामली हास्पिटल पहुंचाया, जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया था। मेरठ में उपचार के दौरान दीपक की मौत हो गई थी। रामकुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद 19 जुन 2019 को थाना भवन पुलिस ने मुठभेड के दौरान एक हत्यारोपी सुल्तान उर्फ कल्लू निवासी पावटी खुर्द थाना कंकरखेड़ा जनपद मेरठ को तमंचे व 10 हजार की नकदी के साथ गिरफ्तार किया था, जबकि दूसरा आरोपी साकिब निवासी हसनपुर लुहारी थाना भवन मौके से फरार हो गया था, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। अभियोजन पक्ष की और से 34 गवाह पेश किए गये। बुधवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने व पत्रावलियों का अवलोकन करने के बाद अपर जिला सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र कुमार ने दोषसिद्ध पाये जाने पर मुजरिम सुल्तान उर्फ कल्लू निवासी पावटी खुर्द थाना कंकरखेड़ा जनपद मेरठ व साकिब निवासी हसनपुर लुहारी थाना थाना भवन का आजीवन कठोर कारावास व 10-10 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अर्थदण्ड अदा नही करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

नवरात्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी ने शक्ति उपासना कर गायों को खिलाया गुड़

बलरामपुर। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुलसीपुर में देवी श